संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 14 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 163 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



आग की घटना के बाद कुवैत यात्रा पर गए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने घायलों से मुलाकात की।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## 'विदेश राज्यमंत्री ने की कुवैती विदेश मंत्री से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आग की घटना के बाद कुवैत यात्रा पर गए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गुरुवार को वहां के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया से मुलाकात की। कुवैत के विदेश मंत्री ने कीर्तिवर्धन सिंह से हादसे पर दुख जताते हुए सभी प्रकार से मदद का आश्वासन दिया। आग लगने की घटना में 40 से अधिक भारतीयों की मौत हुई थी। कुवैत में भारतीय दूतावास के अनुसार याह्या ने दुखद घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने चिकित्सा देखभाल, मृतकों के पार्थिव शरीर की शीघ्र स्वदेश वापसी और घटना की जांच सहित पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। राज्य मंत्री ने कुवैत के सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। इससे पहले कीर्तिवर्धन ने कुवैत में मुबारक अल कबीर अस्पताल का दौरा किया, जहां 7 घायल भारतीय उपचाराधीन हैं।

# अब आतंकियों की खैर नहीं...

- जम्मू आतंकी हमले पर पीएम ने की हाईलेवल मीटिंग, शाह और एनएसए अजीत डोभाल से की वार्ता

**सेना को छूट**

» प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने के लिए कहा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू।** जम्मू में रियासी आतंकी हमले और कठुआ में सेना के साथ दहशतगर्दों की मुठभेड़ के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात संवेदनशील बन गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। जबकि अन्यों की तलाश जारी है। इसे लेकर जम्मू संभाग में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनएसए अजित डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी स्थिति की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से अवगत भी कराया गया। वहीं, प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने के लिए कहा है।

**गृह मंत्री अमित शाह से की वार्ता:** इस मामले में प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह से बात की और सुरक्षाबलों की तैनाती तथा आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और जम्मू-कश्मीर में स्थिति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री को स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

**नौ जून को हुआ था पहला हमला:** जम्मू-कश्मीर के रियासी में शिवखोड़ी से आ रही एक बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में नौ लोगों की जान चली गई। जबकि 41 श्रद्धालु घायल हो गए। इसके तीन दिन बाद 11 जून की शाम दहशतगर्दों ने कठुआ में दूसरे हमले को अंजाम दिया।

आतंकियों ने हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव पर हमला किया। उस दौरान सेना ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। जबकि अन्य आतंकी को सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान में अगले दिन मार गिराया। इसी के साथ 11 जून को ही आतंकियों ने डोडा में तीसरा आतंकी हमला किया। यहा हमला भद्रवाह इलाके में सेना के शिविर पर हुआ जिसमें छह जवान जख्मी हो गए थे।



## विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने को सुरक्षा एजेंसियां देंगी मुंहतोड़ जवाब : डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने गुरुवार को कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी स्वैन ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों ने क्षेत्र में सुरक्षा चुनौती पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि जब आतंकी हैंडलर कश्मीर और जम्मू में स्थानीय लोगों की भर्ती करने में विफल होते हैं तो दुश्मन का इरादा नियंत्रण रेखा के पार स्थानीय लोगों की भर्ती करना और उन्हें शांति भंग करने और लोगों को मारने के लिए हमारे क्षेत्र में धकेलना होता है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू क्षेत्र में विदेशी आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपने संसाधनों की मैपिंग कर रही हैं और हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जब आपके पास लोगों को मारने और परेशानी पैदा करने के लिए तैयार दुश्मन हो तो हमें भी उसका मुकाबला करने और कुछ नुकसान उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में जंगल, नदियां और पहाड़ियां आदि एक कठिन इलाका है। उन्होंने कहा कि ये विदेशी आतंकी बड़ी संख्या में नहीं हैं, लेकिन वे कानून के तहत काम नहीं कर रहे हैं और किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## डोडा और रियासी में आतंकवादियों की तलाश और तेज हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** केंद्र शासित प्रदेश में हाल के हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों खासकर डोडा और रियासी में गुरुवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। इस दौरान चल रहे अभियानों में जंगलों का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिनों में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिसमें नौ तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई और एक सीआरपीएफ जवान बलिदान हो गया, सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने सुबह डोडा जिले के गंदोह, चट्टागल्ला और आसपास के इलाकों में कोटा टॉप में तलाशी अभियान गुरुवार को फिर से शुरू किया।

# 50 हजार करोड़ का रक्षा उपकरण होगा निर्यात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना प्रमुखों, रक्षा सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष के साथ बैठक की। उन्होंने रक्षा मंत्रालय की प्रथम 100 दिवसीय कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि 2028-2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात करना होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ाना होगा। लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने आज कार्यभार संभाला। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की पहले 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण विभाग से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिनों की कार्य योजना में निर्धारित एजेंडे को पूरा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का निर्देश दिया। रक्षा मंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए अपने विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले से अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**निर्यात पर मोहर**

» रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी मेहनत के साथ 100 दिनों की कार्य योजना पूरी करने का दिया निर्देश

# नीट काउंसलिंग पर नहीं लगेगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान के अलख पांडेय के वकील ने कहा कि ग्रेस मार्क्स दिए गए जो उचित नहीं। कोर्ट ने उनकी याचिका पर एनटीए को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग चलती रहेगी और हम इसे नहीं रोकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हमारे फैसले में परीक्षा रद्द होगी तो काउंसलिंग स्वतः रद्द हो जाएगी।



इसलिए चिंता की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 12 जून को हुई बैठक के बाद एक निर्णय लिया गया है कि जिन 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिया गया है, उनको दोबारा परीक्षा देनी होगी। 1563 उम्मीदवारों को जारी किए गए सभी स्कोर कार्ड रद्द कर दिए जाएंगे। उनके लिए दोबारा परीक्षा का विकल्प दिया जाएगा।

इससे पहले 11 जून को सुप्रीम कोर्ट ने नीट को निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया था।

**ग्रेस मार्क्स पर रार**

» जिन 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिया गया है, उनको दोबारा परीक्षा देनी होगी

## भारत ने यूएई को पहली खेप में भेजा उच्च गुणवत्ता वाला 8.7 टन अनानास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को उच्च गुणवत्ता वाले एमडी 2 किस्म के 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने यूएई को एमडी 2 किस्म के उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है।



जी. किशन रेड्डी ने कोयला एवं खान मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

## भरोसाः अजीत डोभाल तीसरी बार बने एनएसए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के पद पर अजीत डोभाल ही बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वे प्रधानमंत्री मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में भी एनएसए थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा (आईएएस सेवानिवृत्त) और एनएसए अजीत डोभाल (आईपीएस सेवानिवृत्त) दोनों के नामों को आज मंजूरी मिली है। दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। दोनों की नियुक्ति 10 जून से प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ-साथ या अगले आदेश तक के लिए होगी।




# चीन-पाक को भारत ने एक साथ सुनाई खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के उल्लेख पर भारत ने आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमने 07 जून को चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के अनुचित संदर्भों को नोट किया है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि उसी संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत गतिविधियों और परियोजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें से कुछ पाकिस्तान के जबरन और अवैध कब्जे के तहत भारत के संप्रभु क्षेत्र में हैं।





**आपत्ति जताई**

» कश्मीर राग अलापने पर मंत्रालय ने आड़े हाथों लिया, चीन पाक संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के उल्लेख पर भारत ने जताई आपत्ति

## नहीं हुआ नीट-यूजी पेपर लीकः धर्मेंद्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय शिक्षा मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद शास्त्री भवन में पत्रकारों से बातचीत में प्रधान ने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं। यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है।



नीट-यूजी 2024 परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया।

**योजना पर रार** 10 प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा करने और इस स्कीम को अधिक आकर्षक व कारगर तरीके सुझाने का काम सौंपा

# अग्निपथ योजना में बदलाव होगा या बंद होगी?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोदी सरकार की ओर से युवाओं के लिए साल 2022 में लाई गई अग्निपथ योजना का खासा विरोध हुआ। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष दलों के नेताओं ने अग्निपथ योजना को चुनावी मुद्दा बनाया था। इस योजना को किसी भी हाल में स्वीकार न करने और आईएनडीआईए की सरकार बनते ही खत्म करने का वादा किया था। हालांकि, आईएनडीआईए की सरकार तो नहीं बन सकी। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 10 प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा करने और इस स्कीम को अधिक आकर्षक व कारगर तरीके सुझाने का काम सौंपा है। केंद्र सरकार जल्द से जल्द इसकी हर कमी को दूर करना चाहती है। दूसरी ओर भारतीय सेना ने भी एक इंटरनल सर्वे किया है, जिसमें अग्निपथ योजना में कुछ बदलाव करने की सिफारिश की है।



**अग्निपथ योजना क्या है:** अग्निपथ योजना के तहत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में 4 साल के लिए युवाओं की कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती की जाती है। यह भर्ती ऑफिसर रैंक के नीचे के सैनिकों की होती है। भर्ती होने पर पहले छह महीने की ट्रेनिंग दी जाती है। उसके बाद जवानों (अग्निवीरों) की तैनाती की जाती है। चार साल बाद कार्य क्षमता के आधार पर रेटिंग दी जाती है। रेटिंग देखकर मेरिट लिस्ट तैयार होती है, जिसमें से 25 फीसदी अग्निवीरों को सेना में परमानेंट कर दिया जाता है। बाकी जवान वापस आकर कोई और नौकरी या फिर कारोबार कर सकते हैं। अग्निवीरों को 4 साल की सेवा पूरी करने के बाद 12वीं के समकक्ष सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**समीक्षा**

» केंद्र सरकार जल्द से जल्द इसकी हर कमी को दूर करना चाहती है। योजना में कुछ बदलाव करने की सिफारिश की

**अग्निवीर बनने के लिए क्या योग्यता चाहिए**

**उम्रः 17.5 से 21 साल।**

**शिक्षाः 10वीं पास।**

बता दें कि अग्निवीरों की भर्ती साल में दो होती है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है : शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार (13 जून) को ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है और विकसित भारत की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि उनका प्रयास शत-प्रतिशत ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने की दिशा में केंद्रित होने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए और कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत प्रयासों की सराहना की और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ब्रांडिंग और विपणन प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए विभाग करें तैयारियां: कनेट

## मॉनसून सीजन पर प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अपने-अपने स्तर पर सभी विभाग रहें तैयार: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहर: गत** वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान को ध्यान में रखते हुए अगामी मानसून के पूवार्नुमान को देखते हुए उपमंडल स्तर पर मानसून में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए निर्धारित कार्य योजना के अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर बैकअप प्लान, मशीनरी व्यवस्था, मानव संसाधन की प्लानिंग का ब्यौरा बनाकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर एक नोडल ऑफि सर भी नियुक्त करें ताकि आपदा के समय रिस्पांस टीम के लिए कोई बाधा उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा एसडीम कार्यालय के द्वारा बनाए गए सब डिविजनल आपदा प्रबंधन व्हाट्सएप ग्रुप में अपने-अपने फ ील्ड के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को जोड़ें ताकि आपदा के समय में किसी भी प्रकार की सूचना को ग्रुप में शेयर करें ताकि राहत कार्य को कम से कम समय में शुरू किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों मानसून के दौरान अवरुद्ध सडकों को खोलने व वाहनों की आवाजाही के लिए चिन्हित मार्गो चैलचौक से पण्डोह मार्ग, चैलचौक से देवीदहढ़ मार्गए चैलचौक से रोहण्डा मार्ग, चैलचौक से थुनाग मार्ग पर जेसीबी तैनात करें। तथा चिन्हित पुलों व सडकों की मरम्मत व जल निकासी का निर्माण करें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा जल शक्ति अधिकारियों को निर्देश देते हुए बरसात के दौरान पानी के सोर्स पर साफ -सफ ई सुनिश्चित करें ताकि लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध हों और इलेक्ट्रिसिटी विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उप मंडल स्तर के सभी सबस्टेशन पर बैकअप बिजली के पोलए बिजली के तार की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि बरसात के दौरान होने बिजली की सप्लाई में होने वाले कट को कम से कम समय में सुधारा जा सके और लोगों को बिजली उपलब्ध करवाई जाए तथा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की बरसात के दौरान उभरते वाली प्रमुख बीमारियों के दवाइयां की व्यवस्था तथा एक एंबुलेंस की व्यवस्था उपलब्ध हों खाद्य आपूर्ति विभाग को मानसून को देखते हुए खाद्यान्न गोदाम में दो से तीन महीने का खाद्यान्न स्टॉक जमा करने के निर्देश दिए गए तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपदा के दौरान आश्रय स्थलों की जरूरत पडने पर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की शाखा महाविद्यालय बासा की बिल्डिंग तथा महाविद्यालय बासा के गर्ल्स हॉस्टल को चिन्हित किया गया है



# मशीन ऑपरेटर ट्रेनी के 30 पदों के लिए 15 जून को साक्षात्कार



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**वीएमटी स्पीनिंग** मिल्स वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड की एक इकाई तहसील बद्दी जिला सोलन हिमाचल प्रदेश ने डाफलर और बाइंडर ट्रेनी मशीन ऑपरेटर के 15 पद पुरुष और 15 पद महिलाओं के पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार आगामी 15 जून 2024 को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय गोहर में लिया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रभारी उप रोजगार कार्यालय गोहर राकेश कुमार ने बताया कि मशीन ऑपरेटर ट्रेनी डाफ लर और बाइंडर के इन पदों के इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जिनके लिए निर्धारित शैक्षणिक की योग्यता आठवीं पास व अधिकतम जमा दो नॉन आईटीआई व आयु सीमा 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

चयनित आवेदन को पहले माह के दौरान 9500 रुपए और पूर्ण उपस्थिति के लिए 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी तथा दूसरे महीने के दौरान 10000 वेतन तथा पूर्ण उपस्थिति के लिए 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी तथा प्रशिक्षण समापन के तीसरे माह के बाद 464 प्रति दिन तथा पूर्ण उपस्थिति के 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# बद्दी–बरोटीवाला के भूजल में कैंसर पैदा करने वाली जहरीली धातुओं की मिलावट का हुआ खुलासा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान मंडी और आईआईटी जम्मू के शोधकताओं ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी-बरोटीवाला बीबी औद्योगिक क्षेत्र के भूजल में कैंसर पैदा करने वाले प्रदूषकों तत्वों के प्रसार का विश्लेषण किया है, जिसमें उन्होंने पाया कि इस इलाके के भूजल में ऐसे प्रदूषित रसायन हैं जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। भारत में खेती और पीने के लिए ज्यादातर जमीन के नीचे के पानी का इस्तेमाल होता है। तेजी से शहर बढने, कारखानों लगने और आबादी बढने की वजह से भूजल का इस्तेमाल बहुत ज्यादा हो गया है, जिससे पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। खासकर उत्तर भारत में पानी की बहुत खराब स्थिति है। कुछ ऐसा ही हाल हिमाचल प्रदेश के बद्दी-बरोटीवाला इंडस्ट्रियल एरिया का है। यहां कारखानों की वजह से जमीन के नीचे के पानी में जहरीले पदार्थ मिल गए हैं, जो सरकार के बताए गए सुरक्षित मात्रा से कहीं ज्यादा हैं। ऐसे गंदे पानी को पीने से लोगों को कई बीमारियां हो रही हैं, जिनमें 2013 से 2018 के बीच कैंसर और किडनी की बीमारी के भी बहुत मामले सामने आए हैं। आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपक स्वामी और उनके शोध छात्र उत्सव राजपूत ने आईआईटी जम्मू के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नितिन जोशी के साथ मिलकर एक शोध पत्र प्रकाशित किया है।

**गुणवत्ता**

**पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है। खासकर उत्तर भारत में पानी की बहुत खराब स्थिति है**

# रोहित तथा धमाणीं हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रभारी नियुक्त

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रजनीश किमटा ने गत दिवस को बताया कि आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है तथा एकजुटता के साथ धनबल का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नालागढ़ विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा हमीरपुर विधानसभा सीट के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमाणीं को प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हाल में विधानसभा उपचुनावों में चार सीटें जीतीं है जो इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं नेतृत्व से हिमाचल प्रदेश की जनता खुश है और मतदाताओं ने भाजपा की खरीद फरोख्त की राजनीति को नकार दिया है। आने वाले तीन विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर भाजपा की अनैतिक चालों का सामना करेगी।

**जिम्मेदारी**

**उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर भाजपा की अनैतिक चालों का सामना करेगी**

# जातीय समीकरण भी डॉक्टर पुष्पेंद वर्मा के पक्ष में, हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में अब तक राजपूत नेताओं का रहा है बोलबाला

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: हमीरपुर** विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट की जंग अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। यहां कांग्रेस की टिकट के लिए इसलिए भी टिकटार्थी ज्यादा जोर लगा रहें हैं कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हमीरपुर जिला से होने का लाभ लाभ निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को हमीरपुर विधानसभा उपचुनावों में मिलना है। जहां तक हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के टिकटार्थियों की बात करें तो उसमें सबसे प्रमुख तौर पर पूर्व प्रत्याशी डॉ पुष्पेंद्र वर्मा का नाम लिया जा रहा है। गौरतलब है कि चुनाव हारने के बावजूद भी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने पूरे 2 वर्ष तक फील्ड नहीं



छोड़ी और आम जनता से जुड़े रहे और इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आशीर्वाद भी उनको पूरी रूप से मिलता रहा है। जिस प्रकार से डॉक्टर वर्मा ने फील्ड वर्क किया उसका लाभ कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। जहां कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में पिछली बार के मुकाबले यहां लगभग 11000 वोट अधिक लिए। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जिस प्रकार से कमान संभाली वह उनकी इस विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर मजबूत पकड़ को दिखाता है। डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा की पहचान एक जाने माने चकित्सक और एक तेज तर्रार कर्मचारी नेता की भी रही है और प्रदेश के कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग उनके साथ खड़ा दिखाई देता है। इसके इलावा हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा के पक्ष में जातीय समीकरण भी दिखाई दे रहे हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आज तक राजपूत नेताओं का ही दबदबा रहा है।

# 8वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक अभ्यास का आयोजन 14 जून को

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : अतिरिक्त जिला दंडा अधिकारी एव कार्यकारी अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अश्वनी कुमार ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) 14 जून, 2024 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के निकट सहयोग से 8वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक अभ्यास का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लेशियर झील बाढ़, भूस्खलन और अचानक बाढ़ जैसी आपदाओं के लिए तत्परता और प्रतिक्रिया को बढ़ावा देना है। जिला कुल्लू में भी प्रत्येक उपमंडल में यह मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन के अंतर्गत, हिमाचल प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों सरकारी एवं निजी में 14 जून, 2024 को प्रातः 11 बजे निष्कासन ड्रिल और हेड काउंट अभ्यास आयोजित किया जाएगा।

इस अभ्यास का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के स्टाफ को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना तथा छात्रों को आपात स्थिति के प्रति तैयार रहने और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के महत्व के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में भी यह निष्कासन ड्रिल आयोजित की जाएगी।

# तंबाकू निषेध दिवस पर डॉक्टर राकेश ने किया जागरूक

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: विश्व** तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग जिला हमीरपुर के सौजन्य से जिला प्रोग्रामर ऑफि सर डॉक्टर राकेश ठाकुर ने सावित्री पब्लिक स्कूल में की शिरकत स्वास्थ्य विभाग जिला हमीरपुर के सौजन्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन सावित्री पब्लिक स्कूल में किया गया कार्यक्रम की शुरूआत अध्यापिका सोनिया देवी द्वारा स्वागत भाषण से की गई। जिसमें जिला प्रोग्रामर ऑफि सर डॉ राकेश ठाकुर ने तंबाकू दिवस पर अपने विचार साझा किया उन्होंने तंबाकू जैसे नशीले पदार्थ से होने वाले मानव जीवन पर दुष्प्रभावों के बारे में बताया




उनसे कैसे बचा जा सकता है और हम अपने आस पड़ोस में भी किस तरह सभी को जागरुक कर सकते हैं की जानकारी सब के समक्ष रखी फिर तंबाकू का अपने जीवन में पूर्ण रूप निषेध करने के लिए छात्रों अध्यापक वर्ग में अन्य सदस्यों से प्रतिज्ञा भी करवाई गई और भविष्य में ऐसी कोई भी नशीले पदार्थ का अपने जीवन में पूर्ण रूप से त्याग करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल में नारा लेखन वह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छठी से दसवीं कक्षा के छात्रों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें दसवीं कक्षा की अर्पिता ठाकुर ने भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर रू 500 की धनराशि प्राप्त की नौवीं कक्षा की सेजल भारद्वाज ने द्वितीय स्थान हासिल कर रू 400 की धनराशि और तृतीय स्थान पर आठवीं कक्षा की शिवानी ने रू 300 की धनराशि को प्राप्त किया वही नारा लेखन प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की अंकिता ने प्रथम स्थान हासिल कर रू 500 की धनराशि आठवीं कक्षा की ही लवीना ने द्वितीय स्थान हासिल कर रू 400 की धनराशि और सातवीं कक्षा की अदिति ने तृतीय स्थान हासिल कर रू 300 की धनराशि को प्राप्त किया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की और से सभी प्रतिभागियों को रू 100 की धनराशि प्रदान की गई।

# चोर फ्लैट से ले उड़े लाखों के गहने

**शिमला**

**राजधानी** शिमला में चोरी के मामले बढ़ रहे हैं। छोटा शिमला थाना अंतर्गत चोर एक फ्लैट से लाखों के गहने ले उड़े। फ्लैट कुछ अरसे से बंद था और इसमें रहने वाले सदस्य बाहर गए हुए थे। इस बीच फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के गहने चुरा लिए। फ्लैट में वापस लौटने पर सदस्यों को चोरी का पता चला। अनीता वर्मा पत्नी प्रदीप वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि अलमारी में रखे गहने गायब मिले हैं। इन गहनों में एक नाक की बाली, बरागर सेट, सोने का पुखराज, सोने का कंगन, हीर का पुखराज और चांदी के गहने शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीर**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र. 175001**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत बीर विकास खंड सदर मंडी जिला में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न सामग्रियों की वित्त वर्ष 2024-25 में कायो के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27-06-2024 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी व दिनांक 28-06-2024 को अपराह् 11 बजे निविदादाओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY ) | Per cubic meter |
| 2 | बजरी (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (KANSAQUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी10mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी20mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 6 | बजरी40mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | पत्थर (Cut Stone) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per Brick |
| 10 | ह्युम पाईप ब्यास (Dia) के | Per Pipe |
| 11 | जेसीबी | Per Hours |
| 12 | शटरिंग | Per square Metter |
| 13 | सीमेंट ढुलाई | Per Bag Mandi/Talyahar to Bir |

शर्ते:
1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे,
4. सामग्रो की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बीर**
**विकास खंड सदर मंडी**

# करसोग में भूस्खलन की घटना पर आधारित होगी मॉकड्रिल

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: भूस्खलन** की घटना से निपटने की तैयारियों को जांचने के लिए करसोग में भूस्खलन संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन 14 जून को किया जाएगा। एसडीएम राजकुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल करसोग बाईपास सडक पर सुबह के लगभग 9 बजे से ही आयोजित की जाएगी। मॉकड्रिल के दौरान भूस्खलन संबंधी घटना की सीन क्रिएट कर, उसमें फं से लोगों को बचाने, राहत पंहुचाने के संबंध में किए जाने वाले उपायों की तैयारियों को जांचा जाएगा। उन्होंने बताया कि भूस्खलन की घटना के बाद उत्पन हुई स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले राहत और बचाव कार्यों को विभिन्न विभागों द्वारा इस



संबंध में उठाए जाने वाले प्रभावी कदमों को इस मॉक ड्रिल के माध्यम से परखा जाएगा। मॉक ड्रिल में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। एसडीएम ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों को अपनी तैयारियां पूरी करने और भूस्खलन संबंधी आपदा के लिए अर्लट रहने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष हुई भारी बरसात के दौरान अनेक स्थानों पर भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाएं बड़े पैमाने पर सामने आई थी। जिनमें अनेक लोगों को अपने जीवन को गवाना पड़ा था। अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिसके दृष्टिगत करसोग उपमंडल प्रशासन ने करसोग में भूस्खलन जैसी घटना से निपटने के लिए प्रशासनिक टीम को तैयार करने हेतू भूस्खलन संबंधी मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के दौरान समय पर राहत व बचाव कार्य शुरू कर लोगों के जीवन को बचाना बड़ी चुनौती रहती है। जिससे निपटने के लिए इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है।

एसडीएम ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से भूस्खलन की घटना या अन्य प्रकार की किसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए लोगों को घटना स्थल से सुरक्षित बाहर निकालना, उन्हें अस्पताल पहुंचा उपचार प्रदान करनाए प्रभावित परिवारों को राहत देनाए भूस्खलन वाली जगह पर सडक मार्ग को बहाल कर यातायात व्यवस्था को पुनः बहाल करना और इस प्रकार की आपदा के दौरान विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल और तैयारियों को जांचना भी है ताकि इस प्रकार की वास्तविक घटना होने पर, उस घटना से समय पर प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

# 16 जून को मंडी में आयोजित होगी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि 16 जून को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा, 2024 जिला मुख्यालय मंडी में तीन परीक्षा केन्द्रों वल्लभ कॉलेज मंडी, आईटीआई मंडी और रावमापा बॉयज मंडी में होने जा रही है।परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहली परीक्षा-1 सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी परीक्षा-11 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा में 575 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय पर परीक्षा स्थल पर



पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा शुरू होने के ठीक 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के गेट बंद कर दिए जाएंगे। जिसके उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

# सडक की हालत पर त्वरित हो कार्यवाही अन्यथा करेंगे प्रदर्शन

## अप्रोच रोड से शानन की खस्ता हालत सडक पर जिला परिषद विजय भाटिया ने दिया ज्ञापन

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने शानन पावर हाउस की अप्रोच रोड-शानन-हरनाला सडक की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर पंजाब इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड शानन पावर हाउस के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। शानन पावर हाउस, जो हिमाचल प्रदेश का सबसे पुराना और पहला हाइड्रो प्रोजेक्ट है, का मात्र 3 किलोमीटर का यह सडक बहुत ही खराब स्थिति में है। विजय भाटिया ने बताया कि इस सडक की खस्ता हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अप्रोच रोड सडक पर जगह-जगह पुलियां टूटी हुई हैं और सडकों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैंए जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हैं। विजय भाटिया ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस सडक को फिर से नया बनाया जाए ताकि यहां के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। विजय भाटिया ने यह भी बताया कि शानन पावर हाउस प्रतिदिन करोड़ों रुपए की आय अर्जित करता है, लेकिन मात्र 3 किलोमीटर की इस सडक को ठीक करने में असमर्थ है। यह सडक पिछले लगभग 3 सालों से खराब हालत में है। पहले भी प्रशासन को इस बारे में सूचित किया गया थाए लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। विजय भाटिया ने चेतावनी दी है कि यदि इस सडक की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया, तो वे स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सडक न केवल स्थानीय निवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि शानन पावर हाउस के सुचारू संचालन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आ सके।

**मांग**

**पंजाब इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड शानन पावर हाउस के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा**



**कार्यालय ग्राम पंचायत द्रुबल**
**विकास खंड सदर मंडी**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत द्रुबल विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से डाक द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 19-06-2024 को अपराहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनांक 19-06-2024 को अपराहन 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटो व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण 10:00AM To 5:00PM | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | A रेत (खड्/नदी) B क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी (खड्ड/क्रशर) 10mm,20mm,40mm | प्रति घन मीटर |
| 3 | पत्थर/कटस्टोन | प्रति घन मीटर |
| 4 | बोल्डर/सोलिंग | प्रति घन मीटर |
| 5 | ईंट(2nd Class) | प्रति नंबर |
| 6 | A शैटरिंग व रास्ता B भवन सैटरिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 7 | RCC पाइप व कौल्लर 300mm,450mm,600mm,900mm,/Paver | प्रति नंबर |
| 8 | जेसीबी हेतु | प्रतिघंटा, 240000/से उपर TDS 10% कटेगा |
| 9 | सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से गडल से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई के साथ पेवर | प्रति बैग |
| 10 | पेवर | 60mm,80mm |
| 11 | Mixture | प्रतिघंटा |
| 12 | CIB | प्रति |

नियम व शर्ते:
1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा की पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
3. ठकेदार/आपूतिकर्त्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे (एम फॉर्म) एम फॉर्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बधित रोयल्टी वर्तमान में 60/-रू प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लो.नि. विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी।
6. निविदा दाता को 25000/-रू धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नपाम जमा करवानी होगी, तभी निविदाएं मान्य होगी अन्यथा बिना धरोहर राशि के निविदाएं रद्द समझो जाएगी।
7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर ताता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी।
8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता क चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।
9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आडर के अनुरूप की सप्लाई स्वीकार की जाएगी।
10. दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है।
11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वोकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।
12. इसमें रेत 1200cum, बजरी 1200 cum, पत्थर/कट स्टोन 1500 cum, बोल्डर 1500 cum, ईंट 3500 नं. वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियल लगेगा। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुशार/उपरांत किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत द्रुबल**

# सीएम खुद होम मिनिस्टर पर उनके राज में हिमाचल पुलिस, कानून व्यवस्था की हालत खस्ता: बिंदल

**साधा निशाना**

**सिरमौर में पुलिस अधिकारी बेबस दिखाई दे रहे है और चंबा में पुलिस अफसरों की हत्या कर थाने के बाहर रख दी जाती है**



**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की मुख्यमंत्री सुक्खू खुद होम मिनिस्टर है पर उनके राज में हिमाचल पुलिस, कानून व्यवस्था की हालत खस्ता हो चुकी है। एक जगह सिरमौर में पुलिस अधिकारी बेबस दिखाई दे रहे है और दूसरी तरफ चंबा में पुलिस अफसरों की हत्या कर थाने के बाहर रख दी जाती हैं, सिरमौर में तो हद ही हो गई अभी तक पुलिस वाला जिसपर दबाव बनाया जा रहा था वह लापता है। उन्होंने कहा की किहार थाना से महज 80 मीटर की दूरी पर आईबी इंटेलिजेंस ब्यूरो के एएसआई की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक के सिर पर डंडे से प्रहार किया था। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण एएसआई सडक पर बेसुध होकर गिर गया। घटना का पता बुधवार सुबह लगाए जब स्थानीय लोग वहां पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस घटना से एसा लगता है की हिमाचल प्रदेश भगवान भरोसे चल रहा है। उन्होंने कहा की सिरमौर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल का वीडियो सामने आया है। जिसके बाद तहलका मचा हुआ है। वीडियो में हेड कांस्टेबल एक मामले में पीड़ितों व अपने अधिकारियों पर आरोप लगा रहा है और मानसिक तनाव होने की बात करते नजर आ रहा है। 6 मिनट 60 सेकंड के वीडियो में पुलिस थाना कालाअंब में तैनात हेड कांस्टेबल जसबीर निवासी पांवटा साहिब ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवाएं देते हुए उन्हें करीब 16.17 वर्ष हो गए हैं और कालाअंब में सेवाएं देते हुए भी करीब डेढ़ वर्ष का समय हो गया है। वीडियो में 4 दिन पहले हुई एक एफआईआर का जिक्र करते हुए जसबीर ने कहा कि इसमें जो धाराएं लगाई गई थी वह जमानतीय अपराध हैं, लेकिन मामले के पीड़ित लोगों द्वारा उस पर धारा 307 के तहत मामला दर्ज करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है और ऐसा न करने पर उसे सस्पेंड करवाने की धमकियां दी जा रही हैं। इतना ही नहीं पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा भी फाइल लेकर उसे बुलाया गया और दबाव बनाया गया। वीडियो में हेड कांस्टेबल ने बताया कि मारपीट के मामले में वह 307 कैसे लगाएंगे। आज यह पुलिस जवान लापता है, इस पुलिस जवान की जान पर बड़ा खतरा है। हिमाचल में बंदूक की नोक पर लोगों को उठाया जा रहा है, फि रौती मांगी जा रही है। खनन माफिया सक्रिय है। कांग्रेस राज में हमारा शांत प्रदेश अशांत, असुरक्षित हो गया था।

# 14 जून को आयोजित होगी मेगा मॉक एक्सरसाइज: उपायुक्त



**हामिद**

**चंबा: उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने आठवीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज को लेकर राष्ट्रीय व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ वर्चुअल रूप से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज के पश्चात राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों के साथ मेगा मॉक एक्सरसाइज के आयोजन के संबंध में बैठक की। उन्होंने बताया कि चंबा में 14 जून को पांच विभिन्न स्थानों में भारी भूस्खलन एवं बाढ़ को आधार मानकर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि चूंकि प्राकृतिक आपदाएं मानवीय जीवन और बुनियादी ढांचे के लिए खतरा रही हैं। ऐसे में इस तरह के पूर्वाभ्यास वास्तविक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। मॉक एक्सरसाइज के दौरान किये जाने वाले आवश्यक प्रबन्ध-व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश जारी किये। उन्होंने स्टैजिंग एरिया में सभी हित धारक विभागों के अधिकारियों को आवश्यक मशीनरी और सहायक उपकरणों इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिचित करने को कहा। सभी पांचों आपदा प्रभावित स्थानों पर किए जाने वाले सभी आवश्यक प्रबंधों को सुनिश्चित बनाने के लिए उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करने के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

## संक्षिप्त खबरें

### सियासी महत्वाकांक्षाएं पूरी न होने पर बौखलाहट में है भाजपा नेता: नरेश चौहान

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने गत दिवस को कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव की नियुक्ति नियमों के अनुसार की गई हैं। सीपीएस का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और प्रदेश सरकार न्यायालय के समक्ष इन नियुक्तियों के पक्ष में मजबूती से अपना पक्ष रख रही है। भाजपा को उच्च न्यायालय के निर्णय आने तक इन नियुक्तियों को असंवैधानिक करार देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक सवाल नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का हैए वह लोकसभा चुनावों के दौरान बार.बार 4 जून को केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने और राज्य में कांग्रेस सरकार के गिरने का का दावा कर रहे थेए जो विफल हो गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में छः विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में चार सीटें जिताकर भाजपा की खरीद फरोख्त की राजनीति को प्रदेश की जनता ने पूर्णता नकार दिया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के बाद सदन में विधायकों की संख्या 38 होने के साथ ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर ने जिन लोगों के साथ मिलकर सरकार गिराने की साजिश रची थीए उन 6 लोगों में से 4 लोगों को मतदाताओं ने नकार कर धनबल की राजनीति के पक्षधरों को करारा जवाब दिया है। हिमाचल के लोग इस तरह की राजनीति पसंद नहीं करते है। जनता पांच साल के लिए अपने प्रतिनिधि को सम्बंधित क्षेत्र के हितों की पैरवी करने के लिए विधानसभा में भेजती है और निजी लाभों के लिए अपनी सदस्यता को दाव पर लगाना जनता के साथ धोखा है। नरेश चौहान ने कहा कि जय राम ठाकुर की ऐसी क्या महत्वाकांक्षाएं हैं जिनके चलते वह सरकार को गिराने के सपने देख रहे हैं। क्या नेता प्रतिपक्ष लोकतंत्र पर विश्वास नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर द्वारा नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी को बचाने के लिए यह सारा ड्रामा रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कहा जा रहा था कि 4 जून को सरकार गिरा दी जाएगी, लेकिन वह तारीख बीते एक हफ्ते से अधिक समय हो चुका है और सरकार पहले से अधिक स्थिरता के साथ जनकल्याण के कार्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रही है। उपचुनावों में चार विधानसभा क्षेत्रों में जीत कर सरकार और अधिक मजबूत हुई है और मतदाताओं के निर्णय से यह स्पष्ट है कि वह प्रदेश में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

### मेधा प्रोत्साहन योजना के लिए 23 जून, 2024 तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला: उच्च** शिक्षा विभाग ने वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए शैक्षणिक सत्र-2023-2024 के आधार पर मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत 23 जून, 2024 तक मेधावी विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। निदेशक उच्चतम शिक्षा डॉ. अमरजीत शर्मा ने गत दिवस को बताया कि प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के पात्र संस्थानों से सीएलएटी/नीट/आईआईटी-जेई-एएफ एमसी/एनडीए व यूपीएससी/एसएससी बैंकिंग तथा इन्श्योरेंस व रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए अधिकतम एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि 12वीं स्तर के 280 अभ्यर्थियों तथा स्नातक स्तर के 120 अभ्यर्थियों का इस योजना के तहत मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12वीं तक के इच्छुक विद्यार्थी योजना का लाभ उठाने के लिए संबंधित जिला के उप निदेशक उच्चतर शिक्षा के पास डाक द्वारा या ईमेल के माध्यम से तथा स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं अपना आवेदन पत्र पीडीएफ फ ॉरमेट में अतिरिक्त या संयुक्त निदेशक, महाविद्यालय, शिक्षा निदेशालय के पास डाक द्वारा या ई-मेल पर 23 जून, 2024 तक कर सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन अमान्य होंगे। उन्होंने कहा कि एक ई-मेल से केवल एक आवेदन पत्र स्वीकार किया जाएगा। योजना से संबंधित अधिक जानकारी शिक्षा निदेशक उच्चतर, हिमाचल प्रदेश की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

# एसडीएम की अध्यक्षता में जुब्बल में मॉकड्रिल की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित



**चमन शर्मा**

**शिमला:** उपमंडलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान की अध्यक्षता में आज जुब्बल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के मद्देनजर बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राजीव सांख्यान ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को भूस्खलन जैसी परिस्थिति में बचाव एवं सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएए इस संबंध में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि वास्तविक स्थिति में कम से कम जानमाल का नुक्सान हो।

# हिमाचल सरकार ने बढ़ाई खेलों की सम्मान राशि : संदीप

**वचनबद्ध**

**प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए नई योजनाओं पर काम कर रही है : संदीप सांख्यान**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: खेलेगा** हिमाचल बढ़ेगा हिमाचल की परिकल्पना के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री वचनबद्ध है। यह कहना है प्रदेश कांग्रेस के मीडिया कॉर्डिनेटर और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान का। उन्होंने कहा कि



हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों के विकास के लिए वचनबद्ध है।

प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए नई योजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा बेशक खेलों के प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार से हिमाचल सरकार कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है पर फिर भी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी जो ओलिम्पिक में स्वर्ण पदक जीत कर आएंगे उनको वर्तमान में 5 करोड़ रुपये की राशि बतौर पुरस्कार मिलेगी। जो कि पूर्व की सरकार में 3 करोड़ रुपये थी।

खेलेगा हिमाचल बढ़ेगा हिमाचल के लिए वचनबद्ध है प्रदेश कांग्रेस सरकार


इसी कड़ी में जो हिमाचल के खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीत कर आएगा उन्हें 2 करोड़ की जगह अब 3 करोड़ मिलेगा और जो ओलंपिक में काँस्य पदक जीतने वाले हिमाचल के खिलाड़ी होंगे उनको 1 करोड़ की जगह 2 करोड़ की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। संदीप सांख्यान ने कहा कि इसी कड़ी में राष्ट्र मंडल या कॉमनवेल्थ खेलों में भी हिमाचली खिलाड़ीयों को गोल्ड मेडल जीतने पर 50 लाख की जगह अब 3 करोड़,रजत पदक जीतने वाले हिमाचली खिलाड़ी को 30 लाख की जगह 2 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले हिमाचल के खिलाड़ी को 20 लाख की जगह अब 1 करोड़ की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

# अध्यापकों और अभिभावकों ने बच्चों को टी-शर्ट और वाटर प्यूरीफायर किये प्रदान

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रेम नगर में अध्यापकों और अभिभावकों ने मिलकर 11400 राशि एकत्रित की तथा उस राशि से 37 टी-शर्ट खरीदे और एक वाटर प्यूरीफ यर पाठशाला के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब हो किओम आर्य ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रेम नगर के लिए पहले ट्रैकसूट दिऐ थे ट्रेक सूट के साथ शर्ट की आवश्यकता थी।

जिसके लिए अध्यापकों और अभिभावकों ने आपस में मिलकर सहयोग राशि एकत्रित की उस राशि से बच्चों के लिए टी शर्ट और बच्चों को



स्वच्छ पानी पीने के लिए वॉटर प्यूरीफायर खरीदा गया। पाठशाला प्रभारी मायाराम शर्मा और जेबीटी अध्यापिका सृष्टि शर्मा ने इस नेक कार्य में सहयोग करने के लिए सभी अभिभावकों तथा एमसी के अध्यक्ष अश्विनी सूद का धन्यवाद व्यक्त किया है। विद्यालय में सुविधा प्रदान करने के लिए समाज के लोगों को आगे आने की आवश्यकता है।

# शिक्षा मंत्री जुब्बल-कोटखाई वि.स. के तीन दिवसीय प्रवास पर

**चमन शर्मा**

**शिमला: शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर 15 जून से 17 जून, 2024 तक जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री 15 जून को दोपहर 1 बजे शीलघाट में नव युवक मण्डल शील द्वारा आयोजित बुशैहर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।शिक्षा मंत्री 16 जून को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत खटासु के बटार में सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत बटार में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# मुफ्त दंत जांच चिकित्सा शिविर में 82 लोगों के दांत जांचें



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहर:** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के सौजन्य से आज उपमंडलाधिकारी नागरिक गोहर कार्यालय में मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मुफ्त दंत जांच शिविर में बासा, गोहर, दाण देलग टिकरी पंचायत से लगभग 82 लोगों दांतों का चेकअप करवाया गया जिसमें 19 लोगों का स्पेशल ट्रीटमेंट वहीं उपस्थित डेंटल वैन में किया गया। शिविर में लोगों के दांतों का चेकअप दांतों में उत्पन्न समस्याओं व बीमारियों की रोकथाम के लिए सलाह व दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर डॉक्टर साहिल ठक्कर ने जानकारी देते हुए कहा कि इन शिविरों का आयोजन लोगों में दांतों की सही तरीके से साफ -सफ ाई व देखभाल, उत्पन्न होने वाले रोग, समस्याएं व उनकी रोकथाम के लिए जानकारी से अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि दांतों का हमारे शरीर में उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करने और दांतों के चेकअप के लिए समय समय पर इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डाक्टर साहिल नेगी व डाक्टर साहिब लीन कौर डाक्टर रजत धिमान ने कहा कि अक्सर लोग मुंह व दान्त की बीमारियों को गंभीरता से नहीं लेते, परंतु इन्हें गंभीर रूप से लेना चाहिए क्योंकि यह बाद में बड़ी बीमारी का कारण बन सकती है।उन्होंने कहा कि दांतों की आम समस्याएं जैसे कैविटी, दांतों की सडन, दांतों सतह का नुकसान होना, मसूड़ों में संक्रमण मुख्यतः खानपान फास्ट फूड खाना व चीनी के अत्यधिक प्रयोग और शराब व तंबाकू का सेवन, बीड़ी, सिगरेट से भी दांतों में समस्याएं पैदा होती हैं।

इन प्रदार्थों का अधिक प्रयोग न करने व अपने खान-पान में संतुलित आहार को बढ़ावा देने, फ ल सब्जियों को बढ़ावा देने को कहा।

# पुलिस महकमा अच्छा पर अफसर ठीक नहीं: हेड कांस्टेबल

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के पुलिस महकमे में तैनात आला अफ सर पर एक हेड कांस्टेबल ने मानसिक प्रताड ?ा के गंभीर लगाए हैं। हेड कांस्टेबल ने कहा कि पुलिस महकमा अच्छा है लेकिन अफ सर ठीक नहीं है। इस प्रताड ?ा से तंग आकर हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाने की बात कही है। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। ये आरोप सीधे तौर पर एसपी सिरमौर पर लगे हैं। इस मामले की वीडियो वायरल होने के बाद हेड कांस्टेबल पुलिस थाने में ड्यूटी से गायब हैं। इस बीच उनके परिजनों



ने थाने में डेरा डाल दिया है। जानकारी के अनुसार जिला सिरमौर के कालाअंब पुलिस थाना में तैनात हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें हेड कांस्टेबल ने एसपी सिरमौर पर एक साधारण मुकदमे में आरोपियों को गंभीर आरोपों में फंसाने और हत्या के प्रयास की धारा लगाकर गिरफ्तार करने का नाजायज दबाव डालने के आरोप लगाए हैं। हेड कांस्टेबल ने 9 से 10 मिनट की वीडियो में एसपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने आधे घंटे में कालाअंब से नाहन ऑफिस पहुंचने के लिए कहा। एसपी ऑफि स पुलिस अधीक्षक ने उनके ऊपर गलत दबाव डाला और बदतमीजी की। हेड कांस्टेबल ने वायरल वीडियो में ये भी कहा कि एसपी अच्छे हैं, लेकिन मारपीट के इस मामले में ये पता नहीं कि उन पर कौन सा दबाव है कि ऐसी धारा लगाने के लिए कह रहे जो नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ कानून के अनुसार ही किसी मामले में धारा लगा सकते हैं। वे कानून के ऊपर नहीं। अदालत में कभी भी एसपी या अन्य अधिकारी मामले में पेश नहीं होतेए वहां जांच अधिकारी को ही अधिवक्ताओं के सवालों के जवान देने पड़ते हैं। हेड कांस्टेबल ने नाहन से कालाअंब आते वक्त ये वीडियो बनाई है, जिसमें उन्होंने ये आरोप लगाए और कहा कि वे अब जीना नहीं चाहते। वे कंडीशनल इस्तीफ ा दे रहे हैं।हेड कांस्टेबल ने ये भी कहा कि उनके विभाग में कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल के साथ गलत व्यवहार हो रहा है।

# बड़सर की जनता को जलसंकट के बीच छोड़ अब कहां गए जिला के मुख्यमंत्री: लखनपाल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** जलसंकट के दौर से गुजर रहे बड़सर विस क्षेत्र मे उप चुनावों के दौरान खुद को जनता हितैशी कहने बाले मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखू और उनके कांग्रेस नेताओं की फौज अब मुश्किल वकत मे जनता से नदारद क्यों है ! यह सवाल बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जारी प्रेस ब्यान के माध्यम से उठाये है ! लखनपाल ने कहा की प्रदेश मे कांग्रेस सरकार है और मुख्यमंत्री उप चुनावों मे स्वयं इस बात की जिम्मेदारी ले चुके है की वह बड़सर मे जनता की मुश्किलों का प्राथमिकता से हल करेंगे लेकिन पेयजल संकट से जूझ रही बड़सर की जनता को मुश्किल से निकालने मे न तो मुख्यमंत्री सामने



आ रहे है और न ही बड़सर कांग्रेस के वह तमाम नेता दिखाई दे रहे है जिन्होंने अपने जिला का मुख्यमंत्री होने के नाम पर लोगों को गुमराह करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व उनके नेताओं की फौज हमेशा ही झूठे बायदे कर जनता को बरगलाने का प्रयास करती आ रही है और उप चुनावों मे भी उसी झूठ के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश की गई लेकिन प्रबुद्ध जनता के फैसले के आगे वह अपने षड्यंत्र मे कामयाव नहीं हो सके है ! लखनपाल ने कहा कांग्रेस मे नेता तो सभी बनना चाहते है लेकिन जनसेवक कोई नहीं बनना चाहता है ! उन्होंने कहा उप चुनावों के बाद से ही समुचे बड़सर विस क्षेत्र मे पानी की किलत आ चुकी है। लेकिन जिला का मुख्यमंत्री बाली सरकार ने बड़सर की जनता को कोई राहत नहीं पंहुचाई है ! लखनपाल बोले अपने और पराये का असल पता मुश्किल वक्त मे चलता है ! मुख्यमंत्री ने सता मे आने के बाद से ही बड़सर से पराये बाला व्यवहार किया है लेकिन बड़सर मेरा घर है और जनता मेरा परिबार अपने परिबार को मुश्किल मे देखना मेरे लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है !

उन्होंने कहा कि इस जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को पानी के टेंकर भेजकर समस्या को कम करने का प्रयास किया जा रहा है ! रोजाना दर्जनों टेंकर विभिन्न क्षेत्रों मे भेजे जा रहे है ताकि लोगों को पीने योग्य पानी मिल सके !

लखनपाल ने कहा कि हर मुश्किल व खुशी के दौर मे मै अपने परिबार के साथ खड़ा रहा हुँ और आगे भी खड़ा रहूंगा ! लेकिन बड़सर की जनता कांग्रेस के उन नेताओं को जरूर पूछे की मुख्यमंत्री ने जल संकट से जूझ रहे बड़सर के लिए जिला का मुख्यमंत्री होने के नाते क्या किया है !

# स्वास्थ्य मंत्री एवं शिक्षा मंत्री ने श्रीमद् भागवत कथा में शिरकत की

**चमन शर्मा**

**शिमला:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चैपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ननाहर पंचायत के गांव मलकौत कलून में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शिरकत की।उन्होंने लोगों के साथ पंडाल में बैठकर श्रीमद् भागवत कथा को सुना तथा शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 06 जून, 2024 से 13 जून, 2024 तक चलाए जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने कथावाचक विश्व



विख्यात भागवत भास्कर की उपाधि से अलंकृत कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज से श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन सुना। उन्होंने इस कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं श्री राम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक सुंदर समाज का निर्माण करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर का यह 1547 वीं श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा थी।श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस रामलोक साधुपुल के संस्थापक अमर देव महंत जी ने भी शिरकत की तथा कथा को सुना।

# मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त, प्रदेश में कानून व्यवस्था तबाह : जयराम ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला** :नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो गई है। अपराधियों का हर तरफ बोलबाला नज? आ रहा है। एक के बाद एक जघन्य हत्याकांड हो रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत नहीं रहेगी तो इससे प्रदेश का नुकसान होगा। सरकार को आम आदमी के जान की परवाह ही नहीं हैं। आए दिन होने वाले हत्याकांड से प्रदेश के छवि धूमिल हुई है।




सरकार को अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख़्त कदम उठाने की आवश्यकता है। पुलिस अराजक तत्वों पर अपनी निगरानी बढ़ाए और अपराध पर लगाम लगाए। प्रदेश में अपराधी का नहीं कानून का राज होना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सिरमौर में एक पुलिस के मुख्य आरक्षी द्वारा एसएसपी पर दबाव बनाने का आरोप लगाया गया। उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते उसे सोशल मीडिया में आकर अपनी बात कहनी पड़ी। इस सब के बीच पुलिस का मुख्य आरक्षी ही लापता हो गया है। उसके परिवार और परिचित लोग उसकी तलाश कर रहे हैं। स्थानीय लोग उसके तालश की माँग को लेकर धरना दें रहे हैं।

परिजन गायब होने पर तरह-तरह की आशंका जता रहे हैं। इस तरह से एक पुलिस कर्मी के लापता होने की बात आश्चर्यजनक है। क्या इसी तरह के व्यवस्था परिवर्तन की बात सरकार द्वारा की गई थी कि पुलिस के कर्मचारी को ही अपने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़े। इस मामले में अभी तक मुख्यमंत्री ने क्या कियाघ इस मामले का पूरा सच सामने आना चाहिए और पुलिस अपने लापता कर्मचारी को चाहे जैसे खोज कर निकालेए सरकार उसके सुरक्षा की गारंटी लें। इस देवभूमि में इस तरह की मनमानी नहीं चलने देंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की नाकामी की वजह से प्रदेश के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और प्रदेश के लोगों की सुविधाओं से उनका कोई लेना देना नहीं रह गया है। सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुख़्ता कदम उठाए हर दिन हो रहे अपराध को रोके। इसके लिए विपक्ष सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है और हर सहयोग करने को तैयार है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर सुन्नी डिग्री कॉलेज में विचार गोष्ठी संपन्न

**चर्चा**

▶▶ व्याख्यान में उन्होंने एनएएसी मूल्यांकन से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई

**चमन शर्मा**

**शिमला** : राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी एवं राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के संयुक्त तत्त्वाधान में सुन्नी महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पर राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी दो सत्रों में सम्पन्न हुई। पहले सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व उप-कुलपति, उच्च शिक्षा परिषद के




पूर्व अध्यक्ष डा. सुनील गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने व्याख्यान में उन्होंने एनएएसी मूल्यांकन से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में कहा कि बिना तैयारी के इस शिक्षा नीति को लागू नहीं किया जाना चाहिए। नीति का मूल उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब सरकार शिक्षाविदों के साथ मिलकर काम करेगी और इससे जुड़े सभी विभाग इस दिशा में कार्य करेंगे। इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. नीरू स्नेही एनआईईपीए के उच्च शिक्षा विभाग, दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी रही। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 पर बड़ी सूक्ष्मता एवं संक्षेप में चर्चा की।

## अंगदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शिमला**

**स्टेट ऑर्गन** एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाईजेशन (सोटो) की टीम ने गुरूवार को सोलन के वाकनाघाट में व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन व स्थानीय लोगों को अंगदान के प्रति जागरूकता किया गया। इस दौरान आईजीएमसी से आई टीम ने रक्तदान शिविर भी लगाया। सोटो टीम ने लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया और पेंफ्लेट बांटकर अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। इस अवसर पर करीब 15 लोगों ने रंग दान का शपथ पत्र भरा। सोटो टीम ने बताया कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं।

# बच्चों को नशे से बचाने के लिए खेलों से जोड़ना वर्तमान समय की जरूरत

**कार्यशाला**

▶▶ वीरवार को तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम विषय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बिलासपुर के बरमाणा में स्थित एसीसी अडानी डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम विषय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार, राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी एवं कलाकार विजय कुमार ने




बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डीएवी स्कूल के प्रिंसीपल सुनील गांगटा ने बताया कि इस कार्यशाला में गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र हिमाचल व पंजाब राज्य के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सुजॉय पाल, विनय शर्मा, संतोषी एम खेवले, राकेश शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, दीपू राजपूत और जितेंद्र कुमार तथा प्रभजोत कौर शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को लेकर मंथन करेंगे तथा नई तकनीक से रुबरू होंगे। प्रिंसीपल सुनील गांगटा द्वारा मुख्यातिथि विजय कुमार को विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया जबकि विशेष अतिथि के रूप में मौजूद कश्मीर सिंह ठाकुर का भी सम्मान किया गया। उन्होने बताया कि मुख्यातिथि द्वारा विधिवत तरीके से इस कार्यशाला के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा भी की। वहीं उपस्थित शारीरिक शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि विजय कुमार ने कहा कि वर्तमान में शारीरिक शिक्षकों का दायित्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि नशे से बच्चों को बचाने के लिए अब एकमात्र सहारा बच्चों को खेलों से जोड?ा है जिसके लिए सारा दारोमदार अब शारीरिक शिक्षकों पर आ गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी सिंथेटिक नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य और जान दोनो को खतरे में डाल रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन अपनी तरफ से इससे निपटने के लिए पूरा प्रयास कर रहा है लेकिन समाजिक सहभागिता भी आवश्यक है। विजय कुमार ने कहा कि यदि नवोदित पीढ़ी को बचाना है तो उन्हें उनकी रूचि के अनुसार किसी न किसी खेल से जोड?ा होगा ताकि उनका ध्यान ही गलत कार्यों की तरफ न जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुबंध काल को पुरानी पेंशन के लिए गिने जाने संबंधित सरकार का फैसला ऐतिहासिक : प्रदीप

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: नई पेंशन** स्कीम कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुबंध काल को पुरानी पेंशन के लिए गिने जाने संबंधित सरकार का फैसला ऐतिहासिक है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार के मुख्य सुखविंदर सिंह सुक्खू व उनके तमाम सहयोगियों का धन्यवाद किया। इस ऐतिहासिक निर्णय से हमारे बहुत सारे ऐसे कर्मचारियों को लाभ मिला है जिन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान एक लंबा कार्यकाल अनुबंध पर काटा है। जिन साथियों की रेगुलर सेवाएं 10 वर्ष से नहीं हो पा रही थी आज कॉन्ट्रैक्ट पीरियड के जुड? से यदि वह 10 वर्ष पूरा कर लेते हैं तो वह पेंशन के हकदार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट दौरान कर्मचारियों को आर्थिक तंगी के साथ.साथ मानसिक प्रताड?ा भी सहनी पड़ी है। आज सरकार के इस निर्णय से उन सभी को लाभ मिला है। सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई। यह सब संगठन के प्रयास तथा सरकार की सूझबूझ अन्य सहयोगियों की मेहनत से संभव हो पाया है क्योंकि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली के पश्चात ही यह संभव हो पाया है। न्यायालय का भी उन्होंने धन्यवाद किया तथा कहा कि न्यायालय द्वारा कुछ कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय के पश्चात आज प्रदेश के सभी कर्मचारियों को सरकार की सूझबूझ से यह लाभ मिल पाया है। आज हम पुरानी पेंशन से छूटे हुए साथियों के लिए इस तरह की अधिसूचना करवाने में कामयाब हो रहे हैं। हमने लगातार यह कहा है कि प्रदेश के हर कर्मचारी को अपनी पेंशन का लाभ मिले इसके लिए हम लगातार प्रयासरत रहेंगे। चाहे हमारे बिजली बोर्ड के साथी हो या अन्य बोर्ड निगम के साथी। सभी के लिए हमारे प्रयास लगातार जारी हैं जारी रहेंगे। यह प्रयास प्रदेश के आखिरी कर्मचारी को पेंशन मिलने तक जारी रहेंगे। हम सबका यह भी कर्तव्य बनता है कि प्रदेश सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम सभी प्रयास करते रहें।

### 40 वां विशाल भगवती जागरण 15 को मंडी में, ज्वाला जी से लाई जाएगी ज्योति

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: चालीसवां** विशाल भगवति जागरण जय दुर्गा संकीर्तन मंडल मंडी की ओर से इस बार भी बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जागरण 15 जून शनिवार को मंडी शहर के ऐतिहासिक सेरी मंच पर सायं 5 बजे से आरंभ होगा। 16 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल भंडारा होगा यह जानकारी देते हुए जय दुर्गा संकीर्तन मंडल मंडी के प्रैस सचिव बाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि जागरण के लिए ज्योति मां ज्वाला जी से लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जय दुर्गा संकीर्तन मंडल के प्रधान अनूप मैहन की अध्यक्षता में आयोजित होगा। उन्होंने मंडी नगर के साथ साथ सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वह विशाल जागरण व भंडारे में तन मन धन से सहयोग करें तथा भाग लेकर पुण्य के भागी बने व मां का शुभ आशीर्वाद प्राप्त करें। प्रधान ने बताया कि जागरण में पंजाब की मशहूर पार्टी दीपक मान रोपड़ वाले एवं सुंदरनगर और मंडी की मशहूर पार्टियां मां भगवति का गुणगान करेंगी। मुख्य कलाकारों में दीपक मानए सोनी एवं जीटीवी के कलाकार रोपड़ पंजाब वाले होंगे। इसके अलावा नव दुर्गा संकीर्तन मंडल सुंदरनगर के कलाकार एवं नव दुर्गा संकीर्तन मंडल खलियार मंडी के कलाकार सुंदर सिंह परमार, मुरारी मंडयाल अपनी प्रस्तुति देंगे। डॉ प्रवीण कपिता जी मां तारा रानी का गुणगान करेंगे। जागरण में महामाई जी का गोल्डन भवन 11 मूर्तियों वाला और कई अन्य सुंदर झांकियां विशेष आकर्षण होंगे।

### किन्नर कैलाश की यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध किया

**अनिल**



**किन्नौर:** जिला के किन्नर कैलाश के नीचे बसे हुए तांगलिंग गाँव के देव समाज के कारदारों व स्थानीय ग्राम पंचायत ने इस वर्ष देवता परकाशांकरस के आदेशों के बाद जारी फ रमान के मद्देनजर इस बार किन्नर कैलाश की यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध किया है व इस संदर्भ में प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है।इस बारे में रिकांगपीओ में प्रेस वार्ता करते हुए देवता परकाशांकरस मंदिर के देव सभा अध्यक्ष तांगलिंग बलदेव नेगी ने कहा कि किन्नर कैलाश यात्रा को पूर्ण रूप से स्थगित करने के कई कारण रहे है जिसमे सबसे पहले कैलाश के निचले तरफ बसे तीन गाँव रिब्बा, तांगलिंग, पूर्बनी गाँव बसे हुए है ऐसे में तांगलिंग गाँव के देव समाज के कारदारों का किन्नर कैलाश में यात्रा को स्थगित करने का प्रस्ताव पास कर प्रशासन को दिया है।उन्होंने कहा कि किन्नर कैलाश भगवान शिव के शीतकालीन निवास की मान्यता पर पूरे विश्व मे विख्यात है।और किन्नौर के सभी देवी देवता कैलाश के समक्ष नतमस्तक होते है।इसलिए ऐसे पवित्र स्थल पर लोगो की यात्रा के दौरान कई अप्रिय घटनाएं भी हुई है जो ठीक नही है। किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान जंगल मे करोड़ो के जड़ीबूटियों, पहाड़ी ब्रम्हा कमलएव कई अन्य जंगली सम्पदाओ को भी नुकसान हो रहा है ।

# उपचुनाव : चौबीस घंटे खुला रहेगा कंट्रोल रूम



**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला:** देहरा विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। इसके साथ ही निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक निर्वाचन के लिए विभिन्न स्तरों पर कमेटियां भी गठित कर दी गई हैं।

यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में निर्वाचन के लिए गठित कमेटियों के नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि व्यय निगरानी समिति राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की पूरी तरह से निगरानी करेगी जबकि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एमसीसी कमेटी का गठन किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनाव विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को समाचार पत्रों, संचार माध्यम इंटरनेट में कोई भी विज्ञापन देने से पहले जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन निगरानी समिति की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## पवन कुमार बने नम्होल स्कूल में एसएमसी प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा द्वारा की गई। इसमें पाठशाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस आम सभा में 135 अभिभावकों ने भाग लिया। जिनमें पवन कुमार को प्रधान तथा जीवन लता, लता देवी, सुनीता देवी, वंदना, मीना देवी, सुभाष चंद्र, रीमा देवी, टेक चंद्र, मंगल देवी, ललिता देवी, रोशन लाल, सुभाष चंद्र, हेमा देवी, राजपाल, कांता देवी को सदस्य मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन बाबू राम भवानी अंग्रेजी प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान जीवन लता तथा पूर्व पाठशाला प्रबंधन समिति प्रधान शेर सिंह ठाकुर जी भी मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए होंगे औचक निरीक्षण

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः एसडीएम** मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करने पर एक जुलाइ, 2022 से पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इस प्रतिबंध में प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड, गुब्बारे में लगी प्लास्टिक स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, कैंडी स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, सजावट में इस्तेमाल होने वाले पॉलिस्ट्रीन (थमाकोल), कटलरी प्लेट, कप, चाकू, ट्रे, गिलास, फ र्क, स्ट्रॉ, चम्मच, सिगरेट के पैकेट, इनविटेशन कार्ड, मिठाई के डिब्बों पर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी के बैनर शामिल हैं। इसके साथ ही हिमाचल में सभी प्रकार के प्लास्टिक कैरी बैग पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए औचक निरीक्षण किये जाएंगे। अगर कोई दुकानदार या आर्पूर्तिकर्ता प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री करता हुआ पाया जाता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उनका चालान किया जाएगा।उन्होंने लोगों को शादी और अन्य समारोहों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने होटल ओर ढ़ाबा मालिकों को भी सख्त हिदायत दी है कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने पर्यटकों से भी आग्रह किया है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और हिमाचल को खूबसूरत बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# सिराज के पशुपालकों ने लिया दूध उत्पादन का प्रशिक्षण

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मंडी जिला के सिराज तांदी में वीरवार को दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मंडी इकाई पी एंड ई प्रभारी लाभ सिंह ठाकुर ने की। शिविर में पशु पालकों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की ओर से आए हुए अधिकारी व प्रधानाचार्य डॉ सत्यपाल कुर्रे और वैज्ञानिक डॉ पंकज सुरेशिया ने दुध उत्पादक किसानों को स्वच्छ दुध उत्पादन, पशुपालन पशु की देखभाल, रख रखाव, संतुलित आहार, दुधारू पशुओं की नस्ल व नस्ल में सुधार के साथ-साथ बीमारियों से पशुओं के बचाव के बारे मे प्रशिक्षण दिया




गया। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध उत्पादक सहकारी प्रसंघ के प्रबंधक निदेशक डॉ विकास सुद के आदेश अनुसार ये प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध उत्पादक सहकारी प्रसंघ ने सरकार द्वारा बढ़ाए गए दूध के दामों को प्रत्येक किसानों को मिले इसका बीड़ा अपने कंधों पर उठा लिया है। प्रसंघ की ओर से प्रत्येक व्यक्ति के दूध की गुणवत्ता की जांच

**जागरूक किया**

▶▶ इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में किया जा रहा है

करने और प्रतिदिन दूध की गुणवत्ता और मात्रा के आधार पर दूध के दाम दूध उत्पादकों को मिले इसके लिए जगह-जगह पर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई गई इस मुहिम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में किया जा रहा है।

# सिरमौर की सड़कों के 32 ब्लैक स्पॉट होंगे ठीक : महाजन

**एसपी जैरथ**

**नाहनः सहायक** आयुक्त सिरमौर गौरव महाजन ने गत दिवस को रोड़ सेफटी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि सिरमौर जिला की विभिन्न सडकों में चिहिन्त ब्लैक स्पॉट को ठीक करने के लिए 2.81 करोड़ रुपये का प्रारूप स्वीकृति हेतु निदेशक परिवहन विभाग को प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला की विभिन्न सडकों के 32 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं और सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन ब्लैक स्पॉट को ठीक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर के लोक



निर्माण नाहन मंडल के तहत 1 करोड 13 लाख रुपए की लागत से 5, पांवटा साहिब मंडल के तहत 40 लाख की लागत से 6, शिलाई मंडल के तहत 55 लाख की लागत से 7, संगडाह मंडल के तहत 48 लाख की लागत से 6, सराहां मडल के तहत 29 लाख की लागत से 3 व राजगढ मंडल के तहत 45 लाख की लागत से 5 ब्लैक स्पॉट ठीक किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नाहन शहर में यातायात नियमों को दशार्ने वाले साईनेज के लिए 100 स्थलों को चिन्हित किया गया है जिसके लिए 15 लाख रुपए का प्राक्कलन स्वीकृति हेतु निदेशक परिवहन विभाग को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि नाहन शहर की सडकों में दिशा, स्थान तथा यातायात नियमों सम्बन्धी चेतावनी बोर्ड, नो पार्किग बोर्ड तथा अन्य साईनेज भी लगाये जायेंगे ताकि पैदल चलने वाले लोगो तथा वाहन चालको को आवागमन की सुरक्षित सुविधा मिल सके। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नाहन शहर में दिल्ली गेट के समीप, यशवंत चौंक तथा कारमेल कॉन्वेट स्कूल के पास दुर्घटना सभांवित सडक की दशा में सुधार किया जाए। महाजन ने कहा कि सिरमौर जिला का अधिकाशं भू-भाग पहाड़ी क्षेत्र है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा स्थानीय लोग भी इन सडकों के माध्यम से अपने-अपने गंतव्यों तक पहुंचते हैं, ऐसे में सडकों के रखरखाव पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने नाहन शहर में यातायात को सुचारू बनाने के निर्देश भी पुलिस, लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद को दिए। उन्होंने कहा कि नाहन शहर की प्रमुख सडक का मुख्य भाग लोक निर्माण और राष्ट्रीय उच्च मार्ग तथा कुछ भाग नगर परिषद के पास है। उन्होंने तीनों विभागों को आपसी तालमेल से नाहन शहर में यातायात को सुचारू बनाने के लिए ठोस उपाय करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण आलोक जनवेजा ने विस्तार से रोड सेफ्टी के सम्बन्ध में किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला।

# जेपी नड्डा को केन्द्रीय कैबिनेट में सम्मानजनक पद मिलने पर बधाई

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** गत दस वर्ष से देश की केन्द्रीय राजनीति में सफलतापूर्वक अहम भूमिका निभाकर जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल का गौरव बढ़ाया है और विशेष तौर पर बिलासपुर का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अभी हाल ही में केन्द्र सरकार के गठन में जगत प्रकाश नड्डा ने अपनी प्रतिभा, समर्पण और कर्तव्य निष्ठा का लोहा मनवाते हुए केन्द्रीय मंत्री मण्डल की कैबिनेट में स्वास्थ्य एवं उर्वरक मंत्री के रूप में जो महत्वपूर्ण स्थान पाया है। उसके लिए पैंशनर्ज

**खुशी**

▶▶ नड्डा ने हिमाचल का गौरव बढ़ाया है और विशेष तौर पर बिलासपुर का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है

वेल्फेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश, वरिष्ठ उपप्रधान जसवन्त चन्देल, महासचिव चेत राम वर्मा, मुख्य सलाहकार अमरनाथ भारद्वाज, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष सुरेश जोशी, उपप्रधान कमलेश चन्देल व सदाराम ठाकुर, मुख्य संगठन सचिव गोपाल शर्मा, लेखापरीक्षक प्रेम लाल बीना, प्रदेश महासचिव ठाकुर हुकम सिंह, प्रदेश मुख्य सलाहकार जगदीश नड्डा, प्रदेश सहसचिव लेख राम कौण्डल, प्रदेश प्रतिनिधि चुनी लाल लखनपाल, जयकृष्ण, सन्त राम कश्यप, सीताराम शर्मा, तारा चन्देल, विजय सिंह चन्देल, पीआर सांख्यान, खण्ड प्रधान दौलत राम चैहान, बीरबल धीमान, लेख राम शर्मा और ठाकुर दास आजाद खण्ड सचिव राम प्रकाश वर्मा, सहित आदि।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी से मिलाया हाथ

**गुरुग्राम।** खिलौना निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, ह्यफ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के माध्यम से हम स्थानीय खिलौना विनिमार्ताओं को ऐसा प्लेटफॉर्म देने में सक्षम हुए हैं, जिससे वे देशभर में ग्राहकों तक पहुंच पाते हैं। इससे उनके विकास को गति मिली है। हमें भारत में खिलौना उद्योग को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर खिलौना विनिर्माण एवं निर्यात का हब बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते भारत के विकास को गति देने की दिशा में वाणिज्य मंत्रालय के अधीन डीपीआईआईटी का समर्थन करने की खुशी है। इस कार्यशाला में घरेलू विनिमार्ताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। पूरे भारत से सैकड़ों खिलौना विनिमार्ताओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और उद्योग के मानकों का अनुपालन जैसे विषयों को परिचर्चा के केंद्र में रखा गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय खिलौना विनिमार्ताओं को जरूरी उपकरणों, जानकारियों और संसाधनों से लैस करना है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ सके और उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिले।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जनों में डीपीआईआईटी के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव श्री संजीव, डीपीआईआईटी के निदेशक मोहम्मद इशरार अली, फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और फ्लिपकार्ट में एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज की प्रमुख मंजरी सिंघल के नाम उल्लेखनीय हैं।

### अजय देवगन के एनवाई सिनेमाज ने दिल्ली-एनसीआर में रखा कदम



**गुरुग्राम।** एनवाई सिनेमाज, जिसके मालिक अजय देवगन हैं, उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर 70 स्थित एलान एपिक मॉल में अपने पहले मल्टीप्लेक्स के लॉन्च के साथ दिल्ली-एनसीआर में कदम रखा है। इस क्षेत्र के सबसे शानदार मल्टीप्लेक्स में से एक होने के नाते यह सबसे अलग है। चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके अभिनेता एवं निर्देशक, अजय देवगन को अपनी कला से बेहद लगाव है। उन्होंने साल 2017 में एक मल्टीप्लेक्स चेन के रूप में एनवाई सिनेमाज की स्थापना की। यहाँ दर्शकों को मिलने वाला अनुभव सिर्फ फिल्म देखने से कहीं बढ़कर है, क्योंकि इस मल्टीप्लेक्स में कई तरह की प्रीमियम सुविधाओं की पेशकश की जाती है। 5 स्क्रीन वाले इस मल्टीप्लेक्स का कुल आकार 46,000 वर्ग-फीट है जिसमें 890 सीटें हैं। इस मल्टीप्लेक्स के हर स्क्रीन में अत्याधुनिक डॉल्बी साउंड सिस्टम लगा है, जो बेमिसाल ऑडियो-विजुअल अनुभव प्रदान करता है। इस सिनेमा को तीन हिस्सों में बड़ी खूबसूरती से तैयार किया गया है, जिनमें प्री-लॉबी एरिया, मेन लॉबी और बेहद आलीशान एमोर लाउंज शामिल हैं। दर्शक बेहद शानदार लाउंज एरिया में सुकून का अनुभव कर सकते हैं, मॉकटेल बार में बेहतरीन पेय-पदार्थों का लुत्फ उठा सकते हैं, साथ ही इन-हाउस शेफ द्वारा सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए लाइव कुकिंग स्टेशनों से जायकेदार व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

# समाधान शिविरों में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता परिवार पहचान पत्र जरूर लेकर आए: उपायुक्त

### समाधान शिविर में चौथे दिन 161 शिकायतकताओं ने प्रशासन के सामने रखी अपनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**राज्य सरकार ने आमजन** की शिकायतों का निस्तारण करने को लेकर जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसमें जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर बल दिया जाता है। पूरा प्रशासन पूरी तैयारी के साथ जिला सचिवालय के सभागार में मौजूद रहता है। पिछले तीन दिन से लगातार प्रशासनिक अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुन रहे है। जिले में यह पहल रंग लाती नजर आ रही



है। पूरा प्रशासन जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए रोजाना दो घण्टे इन शिविरों के माध्यम से आम जन को समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि सकारात्मक माहौल में ये समाधान शिविर लोगों के लिए किसी बूटी से कम नजर नहीं आते। उपायुक्त ने बताया कि 10 जून को प्रारंभ हुए समाधान शिविर में प्रथम दिन जहां लोगों की संख्या अगुंलियों पर नजर आती थी अब ये आकंड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। दूसरे दिन शिविर में 39 नागरिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी अलग अलग विभागों से जुड़ी समस्याओं को रखा। तीसरे दिन यह आकंड़ा और विस्तार करता हुआ नजर. आया व 112 जरूरतमंद ने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

चौथे दिन इसमें उम्मीद से ज्यादा बढ़ोतरी नजर आयी व 161 लोगों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं निसंकोच होकर रखी। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि शिविर में आम नागरिकों की प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड व बिजली- पानी से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से नागरिकों द्वारा रखी जा रही है। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में उनके विभाग से संबंधित जो भी समस्या आती है उस पर शिददत पूर्वक कार्य किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जो भी शिकायत कर्ता अपनी किसी भी समस्या को लेकर समाधान शिविर में पहुंचता वो अपना परिवार पहचान पत्र साथ लेकर आएं ताकि समस्या की गंभीरता को देखते हुए उस पर उचित कार्यवाही की जा सके।

## समर कैम्प बच्चो में अनुसाशन की भावना पैदा करता है: रितु राठी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को पानीपत बाल** भवन सहित शिव नगर स्थित बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र मॉडल टाउन परिकुंज में ग्रीष्मकलिन शिविर का शुभारम्भ हुआ।। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि गर्मी अधिक होने के बावजूद भी बच्चे अधिक संख्या में समर कैम्प में पहुँचे। बच्चो ने योग जुडो कराटे ब्यूटी पार्लर सिलाई कढाई के गुर सीखे। बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र में पहली बार कैम्प लगा जिसके कारण बच्चो में उत्साह था। बाल भवन में पहले दिन कक्षाएं समाप्त होने बाद बच्चो को रिफ्रेशमेंट दी गयी।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में मुख्य तौर पर स्लम एरिया के बच्चो को जोड़ा जा रहा है,ताकि इन क्षेत्र के बच्चे अन्य गलत कामो से अपना ध्यान हटाकर कैम्प में पहुँचे ओर कुछ सीखकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## आर्य कॉलेज के खेल मैदान पर होंगे एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा सरकार की तरफ से** पूरे हरियाणा में 976 नर्सरी खोलने की घोषणा की गई है जिसमें पानीपत जिले में 29 नर्सरी खोली जाएंगी। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने खेलों को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश में 976 खेल नर्सरी शुरू करने जा रही है। जिसमें आर्य कॉलेज, पानीपत के खेल मैदान पर एथलेटिक्स और बेसबॉल के खिलाड़ी तैयार करने की अहम जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा हम इस जिम्मेदारी को पूरी लगन के साथ निभाएगें। उन्होंने यह भी बताया कि आर्य कॉलेज खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स और बेसबॉल के लिए कोच प्रदीप मलिक व सचिन कुमार खिलाडियों को तराशने का काम करेंगे। आर्य कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश



टूर्ण ने बताया कि एथलेटिक्स के लिए 25 लडकियों व बेसबॉल के लिए 25 लडकों का चयन शुक्रवार 14 जून को आर्य कॉलेज के खेल मैदान पर सुबह 9 बजे किया जाएगा। डॉ. टूर्ण ने यह भी बताया 8 से 19 वर्ष तक के खिलाडी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फेमिली आई डी, बैंक पासबुक व दो पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य ले कर आएं।

## नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं

### नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत पुलिस ने नशा मुक्त** भारत पखवाड़ा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जानकारी देकर जागरूक किया। समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान शुरू किया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। इसी के तहत वीरवार को थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह ने पुलिस टीम ने किला पार्क में लोगों को नशे दुष्प्रभावों की



जानकारी देकर इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने कहा कि नशे के अवैध धंधे में संलिप्त कुछ लोग चंद पैसे कमाने के चक्कर में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उन्हें कदापि सहन नहीं किया जाएगा। युवाओं को नशे के प्रति आकर्षित करने के लिए नशा तस्कर तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, जिनसे युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचाना होगा ताकि उनका जीवन व भविष्य खराब न हो। उन्होनें लोगों से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ इस युद्ध में आप लोग सच्चाई का साथ दें। अगर

**सामाजिक बुराई**

**नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है**

किसी के परिवार या आस पड़ोस में कोई भी नशे का कारोबार करता है या नशे का सेवन करता है तो बगैर किसी संकोच के उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि नशे जैसी बुराई को जड़ मूल से समाप्त किया जा सके।

नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है।

## योग करने से अच्छी सेहत ही नहीं बल्कि रोगों से भी मिलेगा छुटकारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला आयुष अधिकारी(डीएओ) डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि योग करने से कई फायदे मिलते हैं, इससे न सिर्फ सेहत अच्छी रहती है बल्कि कई रोगों से भी छुटकारा मिलता है। योग से होने वाले फायदों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ही योग दिवस मनाया जाता है। आगामी 21 जून को जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आमजन इसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और योग करें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत ने कहा कि योग करना शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य







के लिए भी अच्छा होता है। इससे बीमारियों की चपेट में आने से बचे रहते हैं। नियमित योग करने से व्यक्ति सेहतमंद रहता है। योग करने से सकारात्मक विचार आते हैं। योग दिवस के दिन भारत समेत पूरी दुनिया में भी लोग योग करते हैं। योग दिवस मनाने से दुनिया ने भी योग के महत्व को समझा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिकांत ने कहा कि योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कल सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें विभिन्न गणमान्य, अलग अलग विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, इच्छुक जनसाधारण शामिल हुए। शिविर में वक्र आसन, मयूर आसन, ताड़ासन, वृक्ष आसन, अर्ध चक्र आसन तथा पादहस्तासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आसनों से शरीर के घुटने, कमर, उदर, मांसपेशियां व दिमाग स्वस्थ रहता है। इस मौके पर उन्होंने योग के साथ-साथ प्राणायाम व ध्यान पर भी जोर दिया और बताया कि सृष्टि रचयिता भगवान सर्वशक्तिमान है। मनुष्य को नित शुद्ध कर्म करते हुए योग से जुड़े रहना चाहिए।

## आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही प्रदेश सरकार: मंत्री असीम गोयल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। निरंतर जन कल्याण की योजनाएं बनाई जा रही हैं और इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। मंत्री असीम गोयल अम्बाला सिटी में स्थित अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बलदेव नगर के लोग अपने यहां से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर परिवहन मंत्री से मिले। उन्होंने सभी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ प्रेम नगर के लोग भी अपनी मांगों को लेकर मिले। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है। इसके लिए चंडीगढ़ में मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ बनाया गया है, जबकि जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों की देखरेख समाधान प्रकोष्ठ द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविर मे आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## समर कैम्प के पहले दिन बच्चो में देखने को मिला जबरदस्त उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को पानीपत बाल** भवन सहित शिव नगर स्थित बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र मॉडल टाउन परिकुंज में ग्रीष्मकलिन शिविर का शुभारम्भ हुआ।। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि गर्मी अधिक होने के बावजूद भी बच्चे अधिक संख्या में समर कैम्प में पहुँचे। बच्चो ने योग जुडो कराटे ब्यूटी पार्लर सिलाई कढाई के गुर सीखे। बाल पुनर्वास श्रमिक केंद्र में पहली बार कैम्प



लगा जिसके कारण बच्चो में उत्साह था। बाल भवन में पहले दिन कक्षाएं समाप्त होने बाद बच्चो को रिफ्रेशमेंट दी गयी। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में मुख्य तौर पर स्लम एरिया के बच्चो को जोड़ा जा रहा है।

## अम्बाला सिविल एन्क्लेव से जल्द शुरू होंगी फ्लाईट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के** नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अम्बाला के सिविल एन्क्लेव (घरेलू हवाई अड्डा) से जल्द ही फ्लाईट शुरू होंगी। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता गुरुवार को अम्बाला सिविल एन्क्लेव के निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज भी साथ थे। इस दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने निमार्णाधीन स्थल का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने पीडब्लूडी विभाग और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को लक्ष्य लेकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज की देखरेख में तेजी से सिविल एन्क्लेव का काम आगे बढ़ रहा है। अब नागरिक उड्डयन मंत्रालय मेरे पास आया है तो हमारा यह प्रयास है कि आने वाले कुछ महीनों में ही अम्बाला के इस अड्डे से फ्लाईट शुरू हो जाएं। हमें उम्मीद है कि 15 जुलाई तक इस सिविल एन्क्लेव के भवन का काम पूरा हो जाएगा। अगर इस तय समय पर निर्माण कार्य पूरा हुआ तो अगस्त महीने में यहां से फ्लाईट उडने लगेंगी। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि विगत दस वर्षों से राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अम्बाला के लोगों का अपना एयरपोर्ट का सपना साकार होगा। उन्होंने पूर्व मंत्री अनिल विज और एडीसी अपराजिता से अम्बाला सिविल एन्क्लेव को लेकर विस्तार से चर्चा की।

## एसडीएम ने 'समाधान शिविर' में सुनी 36 लोगों की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, हरियाणा सरकार** के दिशा निदेर्शों अनुसार एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आज 36 शिकायतें आई। एसडीएम संजीव कुमार ने इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज कर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देश पर अब हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक उप मंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर क्रीड विभाग से अनिता भालोठिया ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित आई 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा



किया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग से लिपिक प्रदीप कुमार ने समाधान शिविर में 20 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई। एसडीएम ने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी।

इन शिविरों में जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने, राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई भी होगी। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, नगर पालिका से लिपिक सोनू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्रवीण यादव बैरावास, जिला कल्याण विभाग से ममता, बीडीपीओ कार्यालय से नितिन, आशुलिपिक ब्रह्मानन्द के अलावा अन्य विभागों से अधिकारी मौजूद थें।

## एईएसएल कैथल के छात्रों ने नीट 2024 में रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कैथल में अपने 15 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 720 अंकों में 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। साथ ही प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल की है.

प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में हर्षित गोयल ने 710 अंक और एआईआर 476, सुमन



ने 706 अंक और एआईआर 804, भारती ने 695 अंक, स्मृति और कौशल ने 685 अंक हासिल किए। वहीं कैथल के कुल 15 स्टूडेंट्स ने 650 व उससे अधिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं।

## संपादकीय

# नई सरकार में पुराने चेहरों पर भरोसा कायम

**बीते 9 जून** को एनडीए की सरकार का गठन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ लेकर रिकार्ड कायम कर दिया। इस बार बीजेपी को आशा के अनुरूप नतीजे नहीं मिले हैं, इसलिए सरकार में गठबंधन के दलों का दखल और प्रभाव बढ़ा है। मोदी मंत्रिमंडल में 71 मंत्री शामिल किए गए हैं, जिनमें गठबंधन के दलों के सांसद भी शामिल है। मंत्रिमंडल के गठन में सहयोगी दलों को तो भागीदारी मिली है, वहीं कई अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरों पर दोबारा विश्वास व्यक्त किया गया हे। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के स्पष्ट संकेत हैं कि यह निरंतरता की ही सरकार है। मोदी के साथ शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि मोदी गठबंधन की बिसात पर सधी चाल चल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर कोई खास नाराजगी सामने नहीं आई। हां, अजित पवार की एनसीपी अवश्य मंत्रिमंडल से बाहर रह गई, पर इसके कारण आंतरिक और तार्किक, दोनों बताए जा रहे हैं। पहला, मंत्री बनने के लिए प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे में खींचतान। दूसरा, अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल का स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री बनने से इनकार। मात्र एक लोकसभा सीट जीत पाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी सौदेबाजी की स्थिति में नहीं है। इसका इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव वाले महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि उनके गुट के एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकों के शरद पवार से संपर्क में होने की खबरें हैं। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है। महाराष्ट्र से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें भाजपा की रक्षा खडसे भी शामिल हैं, जिनके श्वसुर एकनाथ खडसे फिलहाल शरद पवार की एनसीपी के एमएलसी हैं, पर जल्द अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में लौटने वाले हैं। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर ह्यकिसान सम्मान निधिह्न वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सडक परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं।

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...

**निर्मल रानी**

"याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग हिंदू रक्षा दल नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार राम को घर वापसी कराने वाली पार्टी (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी"

**विगत 6** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस



मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। ' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये।

परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद ' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग ह्यहिंदू रक्षा दलह्न नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टीह्न (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे। अतिवादियों ने प्रशांत भूषण को थप्पड़ और लात मारी। वे फर्श पर गिर गए, उनका चश्मा गिर गया और उनकी शर्ट फट गई थी। भूषण के एक हमलावर तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को बाद में भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी थी । हमलावरों ने स्वयं को श्री राम सेना से बताया था। यह वही दक्षिणपंथी हिंदू चरमपंथी समूह था जिसके कार्यकताओं ने 2009 में मैंगलोर के एक पब में बैठी युवतियों पर हमला किया था। यह उग्रवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है ? और गत वर्ष 31 जुलाई को सुबह 5 बजे जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में घटी उस हिंसक घटना को क्या नाम दिया जाये जब वापी और बोरी वली रेलवे स्टेशन के बीच दौड़ रही इस ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात आर पी एफ के एक 30 वर्षीय कॉन्स्टेबल चेतन सिंह ने गोलीबारी कर अपने सीनियर एक इंस्पेक्टर टीकाराम मीणा सहित अब्दुल कादिर ,असगर अब्बास शेख व सैयद सैफुल्लाह नामक चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। देश में मॉब लिंचिंग के सैकड़ों मामले हो चुके हैं। धर्म व जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जाता रहता है। गौ रक्षा के नाम पर स्वयंभू गौरक्षक तमाम लोगों को मार चुके हैं। मंत्री सांसद विधायक व स्वयंभू धर्मगुरु धर्म विशेष के लोगों को आतंकी बताते हैं तो कभी उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकियाँ देते हैं। यह आतंकवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है। हिन्दू जागरण के नाम पर आजकल बेखौफ होकर नफरत फैलाई जा रही है। जिससे समाज का सीधा सादा बेरोजगार युवा उनके झूठे नफरत भरे दुष्प्रचार से प्रभावित होकर धर्म विशेष के प्रति उग्र हो रहा है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने वाला कोई नहीं। बल्कि ऐसे असामाजिक व अवांछित तत्वों की किसी न किसी तरह हौसला अफजाई की जाती है। पंजाब इस समय पूर्णतयः शांतप्रिय राज्य है। यहाँ शांति कायम करने में अनेक लोगों को अपनी जान की कुर्बानियां देनी पड़ी है। लिहाजा अपनी बदजुबानी के लिये मुआफी मांगने या उसपर पश्चात्ताप करने के बजाये किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आतंकवाद की चिंता व्यक्त करने पर जिसे यह भी नहीं पता कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे,सुभाषचंद्र बोस नहीं। जिसे यह भी नहीं पता कि देश 1947 में आजाद हुआ था 2014 में नहीं, अफसोस ही व्यक्त किया जा सकता है। यदि कहीं अतिवाद का धुआं उठता भी हो तो उसे हवा देने के बजाये उसपर पानी डाल कर धुआं खत्म करने की जरुरत है। इस सन्दर्भ में राहत इंदौरी का यह शेर जरूर याद रखना चाहिये कि -'लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में । यहाँ पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है ।।

## कविता

जम्मू(कठुआ) में जवानों
पर तुमने किया हमला
निरीह श्रद्धालुओं को
मौत की नींद सुलाई
तुम्हें जरा भी शर्म नहीं आई।

हमला था तुम्हारा कायराना,
हमसे बढ़ाना चाहते हो याराना
अब फिर तुम्हारे घर में घुस
मार कर सर्वनाश करेंगे तुम्हारा।

बहुत हुआ पाकिस्तान-पाकिस्तान,
सचमुच बना देंगे उसे कब्रिस्तान।
अबकी बार
पाक को कफन ही पहनाएंगे।

अपने शहीद साथियों
के बदले आतंकियों का
सर ही काट लाएंगे।
ए दुश्मन इसे धमकी न
समझना तेरी औकात
जानते है हम ।

सचमुच
कसम हिंदुस्तान की
न चूकेंगे, न रुकेंगे,
समूचा इस्लामाबाद
इस बार दिल्ली
घसीट कर ले आयेगे।

संजीव
---------

# याद रखे देश शिशुओं के जलने के हादसे को

**आर.के. सिन्हा**

**अभी एक महीना भी** नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनावों के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन ईस्ट दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है- घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया। हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं । क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25-30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियत्रंण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए। मुझे ईस्ट दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन-रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड-19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई।

## विचार

# महाराज और शिवराज पर भरोसे का मतलब

**राकेश अचल**

**केंद्रीय हिन्दू मंत्रिमंडल** में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय मंत्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया को शामिल करने के पीछे क्या वजह ये जानने में लोगों की बड़ी दिलचस्पी है। भाजपा के इन दो हंसों की जोड़ी 2018 के विधान सभा चुनाव में आमने-सामने थी । तब महाराज यानि ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में हुआ करते थे और चौहान मप्र के मुख्यमंत्री थे।इस चुनाव में भाजपा ने 'माफ करो महाराज ,हमारे नेता शिवराज ' का नारा दिया था और कांग्रेस की और से ' माफ करो शिवराज ,हमारे नेता महाराज ' का नारा उछला और कामयाब भी हुआ था । शिवराज सत्ताच्युत हो गए थे ,लेकिन महाराज अपनी पार्टी के सत्ता में आने के बाद भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाए थे।

मप्र की इस जोड़ी ने ही 2020 में फिर कमाल किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से बगावत कर कांग्रेस की सरकार गिरा दी । मुख्यमंत्री कमलनाथ को पदच्युत कराकर अपने अपमान का बदला लिया और एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवा दी थी। 2020 से ही ये जोड़ी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की नजरों में चढ़ी हुई थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी इस जोड़ी ने हाड़तोड़ मेहनत कर मप्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाकर भाजपा की सरकार बनवाई। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो 2020 के करतब के लिए पुरस्कार के रूप में राज्य सभा की सदस्ता और केंद्रीय मंत्री मंडल में स्थान मिल गया था ,किन्तु शिवराज सिंह को कोई इनाम-इकराम नहीं मिला था। उलटे उनके स्थान पर मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर चौहान को अपमानित जरूर किया गया था भाजपा की और से। शिवराज सिंह मंजे हुए खिलाडी निकले। उन्होंने अपमान का कड़वा घूँट बिना ना-नुकुर के पी लिया। नतीजा ये हुआ कि 2024 के आम चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ चौहान को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल गयी। ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो मंत्री बनना ही था क्योंकि वे प्रधानमंत्री के गांव-गौड़े के नाते दामाद लगते हैं ,लेकिन शिवराज सिंह चौहान को उनकी योग्यता और मौन साधना की वजह से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। एक समय उनका नाम मोदी के उत्तराधिकारी के रूप में भी सुर्ख़ियों में आया ,लेकिन वे शायद अभी इस लायक नहीं बन पाए हैं।

प्रधानमंत्री ने केंद्र में बैशाखी सरकार का गठन करने के फौरन बाद अपने मंत्रिमंडल में सिंधिया और चौहान को एक खास मकसद से जगह दी है। इन दोनों को मंत्रिमंडल में लिए जाने से जातीय संतुलन बना या नहीं ये भी हम नहीं जानते । हम ये जानते हैं कि मोदी जी के पूर्व मंत्रिमंडल के नाकाम कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की वजह से मोदी जी और उनकी पार्टी को किसान आंदोलन के दौरान जो फजीहत झेलना पड़ी उसे देखते हुए ही शिवराज सिंह चौहान को नया कृषि मंत्री बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मध्यप्रदेश से ही थे । वे किसान आंदोलन को ढंग से हैंडिल नहीं कर पाए थे। दरअसल तोमर यानि ग्वालियर के मुन्ना भैया ,मौन सिंह साबित हुए थे । वे न किसानों को मना पाए और न किसान यूनियनों को। उन्हें किसान संगठनों से संवाद स्थापित करने में भी कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे सरकार के माथे पर 700 किसानों की हत्या का दाग और लग गया था। विवादास्पद कानून वापस लेने पड़े थे सो अलग।

देश के किसान अभी भी आंदोलित है। किसान आंदोलन किसी भी समय भड़क सकता है । किसान आंदोलन का खमियाजा भाजपा ने आम चुनावों में भी उठाया। ऐसे में वाचाल,मिलनसार और किसानों से सीधा रिश्ता कायम करने में समर्थ शिवराज सिंह चौहान को चुना गया। हालाँकि मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान के ऊपर भी मंदसौर गोलीकांड का दाग लगा हुआ है। बहरहाल अब शिवराज सिंह को आपने आपको एक बार फिर प्रमाणित करना है। उनके पास एक मुख्यमंत्री के रूप में 18 साल से जयादा समय का अनुभव है ,जो प्रधामंत्री जी के अनुभव से भी कहीं ज्यादा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# डाकू जी प्लीज लूट लीजिए ना!

**रामविलास जांगिड़**

**वित्त मंत्रालय** के रुपया देव वितखोर एक बहुत ही कट्टर एवं खतरनाक ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने वित्त मंत्रालय लूटने के लिए क्षेत्र के घनघोर डाकुओं को आमंत्रित किया। वित्त मंत्रालय लूटा जाएगा तो, दुनिया में उनका सम्मान होगा और इससे मंत्रालय की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। एक दिन, वितखोर जी ने द्रव कदम उठाया और कुछ विख्यात डाकुओं को आमंत्रित किया। डाकूगण, जो अमूमन चोरी-डकैती में माहिर थे, इस सुखद निमंत्रण पर खुश थे। लेकिन नेताजी के बदले वे वित्त मंत्रालय कैसे लूट पाते? इस बात का उनको संशय हुआ। उन्हें डकैती का ये नवाचार लगा और वे वित्त मंत्रालय में पहुंचे। मंत्रालय के सभी अधिकारियों ने उन्हें बंदूकें देकर स्वागत किया। वे हंसते हुए, पुष्पगुच्छ और मिठाइयों के साथ डाकुओं का तिलक निकाल रहे थे। मंत्रालय के मैनेजर वितखोर जी ने डाकुओं का स्वागत करते हुए कहा, "आपका स्वागत है! वैसे तो हर मंत्रालय आपके कर-कमलों से लुटने के लिए लालायित है, लेकिन आपने हमारे को चुना इसलिए फिर से बहुत धन्यवाद! आप लोगों के आने से हमें वैश्विक स्तर पर बड़ी पहचान मिलेगी।" डाकू नेता कुछ समय तक ये सब सुनता रहा, अंततः बोला, "आप लोग पागल हो गए हैं क्या? हम डाकू हैं, उत्सव मनाने के लिए नहीं आते, बल्कि लूटपाट करने के लिए आते हैं। ऐसे शांतिपूर्वक तरीके से हम अगर लूटने लगे, तो डाकू समाज में हमारी बेइज्जती होगी। तुम्हारा कुछ नहीं बिगड़ेगा! आपके इस दुर्व्यवहार से आज हम कुछ भी लूटने के मूड में नहीं हैं।" यह कहते हुए डाकुओं ने मंत्रालय लूटने से मना कर दिया और वहां से चले गए। वित्त मंत्रालय के मैनेजर वितखोर और अधिकारी इस असफल प्रयास से बहुत निराश हुए। नेता गिरगिट गुरु जी राजनीति के धाकड़ जंतु थे। उन्होंने मुस्कुरा कर धीमे से मन ही मन सोचा, "मुझे पहले ही पता था कि वित्त मंत्रालय को डाकू लूट नहीं सकेंगे। मंत्रालय लूटने का काम तो हम जैसे नेता लोगों का मूल अधिकार है।" तब वे तुरंत सीन पर उपस्थित हो गए। गिरगिट गुरु जी ने वित्त मंत्रालय मैनेजर वितखोर जी से कहा, "जब डाकू वित्त मंत्रालय लूटने नहीं आए, तो मैं आपकी मदद करूंगा। मेरा पिछला रिकॉर्ड है कि मैं डाकुओं का भी गुरु रहा हूं।

# आतंकवाद की घृणित विचारधारा को करना होगा समूल नष्ट

**संजीव**

**जम्मू** काश्मीर फिर आतंकवाद की ज्वाला से धधक रहा है, कठुआ, हीरानगर ,डोडा में गंभीर आतंकवादी हमला हुआ जिसमें एक सेना का जवान शहीद हो गया। इसके अलावा आतंकवादियों द्वारा धार्मिक यात्रा से लौटते हुए रियासी नामक स्थान पर श्रद्धालुओं पर बेतहाशा गोलियां बरसाई गई बस के पलटने से 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उधर इटली में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित किया गया जिसका अनावरण ऋ्र7 समिट में शामिल होने जा रहे प्रधानमंत्री मोदी जी करने वाले थे। आतंकवाद ने न सिर्फ देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाक में दम करके रखा है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों को एक सिरे से कुचल दिया जाए और आतंकवादी विचारधारा को समूल नष्ट किया जाए।आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम में विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है।



# स्वस्थ रहने के लिए ये हैं बेहतर फूड



**स्वस्थ** रहने के लिए जरूरी नहीं किसी एक ही चीज खो आप लम्बे समय तक खाते रहें। इसके लिए बहुत से आप्शंस मौजूद हैं, जिन्हें आप आजमा कर आप स्वस्थ रह सकते हैं। दरअसल इंसान का स्वभाव है कि वह किसी एक फल या फूड को लम्बे समय तक खाते रहने से बोर हो जाता है, इसी के मद्देनजर कुछ हेल्दी फूड आप्शंस के बारे में हम आपको यहां जानकारी दे रहे हैं। इससे दिमाग भी ठीक रहेगा, इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होगी।

**नारियल का तेल :** केमिकल रिफाइनिंग या ब्लीचिंग प्रॉसेस न होने के कारण ये खाने के लिए फिट होता है। इसमें लॉरिक फैटी एसिड



होता है। जो अच्छा एंटी वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी- फंगल एजेंट है। यूनिवर्सिटी ऑफ केरल में की गई रिसर्च के अनुसार, वर्जिन कोकोनट ऑयल सीरम और टिश्यू में लिपिड लेवल कम करता है। सलाद में डालकर खाएं।



**मटर फली कैंसर दूर भगाने में फायदेमंद :** यह फ्लैट पीज हैं। इनमें एडिबल पॉड्ज होते हैं और इन्हें सीधे खाया जाता है। इनमें खास किस्म का फायटोन्यूट्रियंट-कूमिस्ट्रॉल होता है। यह पेट के कैंसर से सुरक्षित रखता है। हफ्ते में दो बार जरूर खाएं।

**चियासीडः** ओमेगा-3 फैट्स का रिच प्लांट बेस्ड सोर्स है। रिसर्च के अनुसार, ओमेगा-3 फैट्स दिमाग, दिल और स्किन के लिए फायदेमंद होता है। सुपरमार्केट में चिया सीड के पैकेट मिलते हैं। इन्हें खाने के लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं। बस इन्हें भिगो दीजिए, मिक्सी में ग्राइंड कीजिए और सीधा खा लें। चाहे तो सलाद और सूप पर डालें।

**प्रीबायोटिक्स फूड :** 80 दिनों तक प्रीबायोटिक (लहसुन, प्याज आदि) खाते हैं, उनमें बीमारी की आशंका 42 फीसद कम होती है। उन्हें रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन या गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल डिसीज कम होती हैं। इम्यूनिटी सुधर जाती है। प्रीबायोटिक फूड में लाइव माइक्रोब्स होते हैं, जो गुड बैक्टीरिया की ग्रोथ बढ़ाते हैं।

**हेजलनट्स :** हैजलनट्स (पहाड़ी बादाम) एमीनो एसिड के अच्छे सोर्स हैं। इनसे ब्लड प्रेशर कम होता है और ब्लड वैसल रिलैक्स। इसमें विटामिन-ई और विटामिन-बी पाए जाते हैं। 15 से 20 नट्स ही खाएं। योगर्ट के साथ मिलाकर इसे खा सकते हैं।

**होल ग्रेन करे पेट का फैट कम :** पेंसिलवेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में हुई रिसर्च के अनुसार, होल ग्रेन्स खाने से दोगुनी तेजी से पेट का फैट कम होता हैं। होल ग्रेन से इंसुलिन का प्रोडक्शन कम होता है, जिससे वजन नहीं बढ़ता। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंसेस सेंटर द्वारा किए गए शोध के अनुसार, हर रोज होलग्रेन खाने से हार्ट फेल होने की आशंका 7 फीसद कम हो जाती है।

**बेरीज भी रखे स्वस्थ :** एक दिन में चार से पांच प्रकार के फल-सब्जियां खाने की सलाह दी जाती है। आधा कप बेरीज में सिर्फ 50 कैलोरी होती है। एंटी-ऑक्सीडेंट का सबसे अच्छा सोर्स होने के कारण बेरीज को डाइट में शामिल करना फायदेमंद होता है। एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री-रेडिकल डैमेजिंग से बचाता है। फ्रोजन बेरीज भी उतनी ही स्वादिष्ट और न्यूट्रिशनल होती हैं, जितनी फ्रेश बेरीज।



# दौड़ने से तेज होता है दिमाग, बढ़ती है याददाश्त

**वॉशिंगटन।** दौड़ने से शरीर के चुस्त और तंदरूस्त होने के बारे में तो आप सबको पता है लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि यह सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि दिमागी कसरत भी है, जिससे हमारी याददाश्त बढ़ती है।

'अमेरिकी जर्नल सेल मोटाबोलिज्म' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार दौड़ने के बाद चूहों, बंदरों और मनुष्यों के खून में ''कैथेप्सीन बी' नामक प्रोटीन का स्तर बढ़ जाता है, जो दिमाग को अधिक सक्रिय करता है। 'अमेरिकी नेशनल इंस्टीट्यूट' के न्यूरोसाइंटिस्ट और वरिष्ठ शोधकर्मा हेनरिट्टे वान प्राग ने कहा, 'जांच के दौरान हमने देखा कि एक प्रोटीन मांसपेशियों के उत्तकों से स्त्रवित होकर दिमाग की ओर बढ़ रहा है और मजेदार बात यह थी कि यह 'कैथेप्सीन बी' नामक प्रोटीन था। शोध के दौरान मांसपेशी की कोशिका को उस उपकरण के संपर्क में लाया गया, जो कसरत की तरह ही प्रभाव छोड़ता है। ऐसा करने पर पाया गया कि इसमें प्रोटीन 'कैथेप्सीन बी' के उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। कसरत के उपकरण पर रोजाना कई हफ्तों तक समय गुजारने के दौरान पाया गया कि चूहों के खून और मांसपेशियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का स्तर अधिक है। इसके साथ ही, जब 'कैथेप्सीन बी' को दिमाग के कोशिकाओं पर लागू किया गया तो पाया कि मस्तिष्क की नई कोशिकाओं का निर्माण हो रहा है। शोध के दौरान ''कैथेप्सीन बी' स्त्रवित करने वाले चूहों और इसे स्त्रवित नहीं करने वाले चूहों के बीच एक सप्ताह तक पानी के अंदर कई स्लैब की मदद से भूलभुलैया खेल का आयोजन किया गया। इसमें शोधकर्ताओं ने पाया कि बिना 'कैथेप्सीन बी' वाला चूहे छिपे प्लेटफार्म का पता लगाने में असफल रहे जबकि 'कैथेप्सीन बी' की क्षमतावाले चूहे को रोजाना तैराकी से पहले दौड़ाया गया तो वह इस प्लेटफार्म का पता लगाने में सफल रहे। जर्मन शोधकर्ताओं के साथ इस अध्ययन के सहयोगी प्राग ने कहा, 'अध्ययन के दौरान हमने तीन प्रजातियों- चूहा, बंदर और मनुष्यों के खून में 'कैथेप्सीन बी' को अनियंत्रित देखा। उन्होंने कहा, 'मनुष्यों में चार महीनों के लगातार अध्ययन के बाद ''कैथेप्सीन बी' के स्तरों में वृद्धि के साथ-साथ उनकी याददाश्त को बेहतर पाया गया। अन्य अध्ययनों में पाया गया कि ''कैथेप्सीन बी' न्यूरोप्रोटेक्टिव है और यह एमीलॉयड प्लेक्स को साफ कर सकता है। शोधकर्ता अब यह पता लगाएंगे कि 'कैथेप्सीन बी' कैसे दिमाग की रक्त बाधाओं को पार करती है, कैसे यह न्यूरोनल संकेत, वृद्धि और जुड़ाव को सक्रिय करती है। इसके साथ ही वह यह भी पता लगाएंगे कि इसकी विभिन्न प्रजातियों में कैसा व्यवहार होता है और उम्र के साथ-साथ प्रोटीन के उत्पादन में कैसे बदलाव आता है।

> दौड़ने के बाद खून में 'कैथेप्सीन बी' प्रोटीन दिमाग को अधिक सक्रिय करता है
>
> शोध के दौरान मांसपेशी की कोशिका को उस उपकरण के संपर्क में लाया गया, जो कसरत की तरह ही प्रभाव छोड़ता है
>
> मनुष्यों में चार महीनों के अध्ययन के बाद 'कैथेप्सीन बी' के स्तरों में वृद्धि के साथ-साथ उनकी याददाश्त बेहतर पाई गई

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

गुरू और चेला दोनों अव्वल दर्जे के आलसी थे। एक रात गुरू ने चेले से कहा- जरा देख, बाहर बारिश हो रही है क्या।

चेला बोला- बारिश हो रही है।

गुरू- देखे बैगर कैसे कहता है।

चेला बोला- गुरू जी अभी-अभी जो बिल्ली अंदर आई है, वह भीगी हुई है, तो बारिश हो रही है।

पांच मिनट बाद गुरू ने फिर कहा- अच्छा जरा बत्ती बुझा दे।

चेला बोला- गुरूजी आंखे बंद कर लो, अपने आप अंधेरा हो जाएगा।

गुरूजी ने झल्लाते हुए कहा- चल जरा उठकर दरवाजा तो बंद कर दे।


चेला बोला- गुरूजी, अब दो काम मैंने कर दिए। तीसरा तो आप कर लीजिए।

□ □ □

पागलखाने के दौरे पर आए मंत्री ने डाक्टर से कहा, ''जिस मनोरोगी से मिलवाकर आपने मुझे कहा था कि उसकी हालत में काफी सुधार हुई है, वह तो अपने आपको सन्नी दयोल कहा रहा था।''


डाक्टर, ''बड़ा सुधार हुआ है सर जब वो नया-नयायहां लाया गया था तो अपने आप को धर्मेन्द्र कहता था।''

## काकुरो पहेली - 4084




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4083 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4084



**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 4083



## सूडोकु -4084


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -'4083 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 4084




**बाएँ से दाएँ**

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली -4083 का हल



## न्यूज फ्लैश

### रेलवे का सामान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोसीकलां व रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन से रेलवे लाईन के टुकडे व अन्य स्थानों से रेलवे का लोहे का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को अवैध असलाह, रेलवे लाईन के टूकडे, अन्य लोहे के सामान व चोरी में प्रयुक्त उपकरण गैस कटर आदि व एक कार पिकअप सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन से रेलवे लाईन के टूकडे व अन्य स्थानों से लोहे का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए अवैध असलाह, चार रेलवे लाईन के टूकडे, अन्य लोहे के सामान जैसे हैरो के तवे, हैरो के बीच के डमरू आदि व चोरी में प्रयुक्त उपकरण गैस कटर, दो सिलेण्डर आदि व एक कार पिकअप के साथ मुकरम पुत्र दीन मौहम्मद निवासी मानलिकर, थाना पिनंगुआ, जिला मेवात हरियाणा, दीपक पुत्र टीका राम निवासी आली ब्राहामण थाना बहिन जिला पलवल हरियाणा, को गिरफ्तार किया गया है। जबकि उनका साथी नफीस कबाडी निवासी पुन्हाना, नियर पैट्रोल पम्प, थाना पुन्हाना जिला मेवात हरियाणा फरार है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकला अजीत सिंह, चौकी प्रभारी गढीबरवारी थाना कोसीकलां रोहित सिंह, एसआई मनमोहन शर्मा थाना कोसीकलां, एसआई प्रदीप तैनाती आरपीएफ कोसीकला आदि थे।
।

### वृंदावन में जला कर निस्तारित किया



### जा रहा कूड़ा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में स्वच्छता को लेकर कचरे के उठाव की प्रक्रिया सरकारी स्तर पर संचालित है। शहर में जलता कूड़ा मथुरा वृंदावन नगर निगम के गैर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को दर्शा रहा है। परिक्रमा में जगह जगह पर अवैध डंपिंग जोन बने हुए है। परिक्रमा मार्ग में साफ सफाई तो की जा रही है। कचरे को उठाने के बजाय आग के हवाले किया जा रहा है। आग से उठने वाला धुआं हवा में जहर फैला रहा है। ऐसा ही एक नजारा परिक्रमा मार्ग स्थित धीर समीर आश्रम के सामने देखने को मिला। परिक्रमा मार्ग से सटे खाली प्लाट में पड़े कचरे के ढेर में आग लगती देखी गई। कचरे के ढेर से उठते धुएं ने आसपास के क्षेत्र को प्रदूषित कर दिया। जिससे आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगो में बीमारी होने का भय बना रहा। नजारे को देख परिक्रमा मार्ग कर रहे परिक्रमार्थी भी ढेर से उठते बदबू दार धुएं से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा रखकर निकलते देखे गए। जबकि एनजीटी द्वारा कचरे में आग लगाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए गए है।

### नारनौल: पूर्व शिक्षा मंत्री ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर विकास कार्यों को लेकर की मंत्रणा

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के पूर्व शिक्षा प्रो. मंत्री रामबिलास शर्मा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ के लिए विभिन्न नए व पुराने प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से चर्चा की।
प्रो. शर्मा ने जिला महेंद्रगढ़ में सरकार द्वारा ढांचागत सुविधाओं पर दिए जा रहे फॉक्स को लेकर उनका धन्यवाद किया साथ ही उन्होंने महेंद्रगढ़ में चल रहे शेष प्रोजेक्ट में भी तेजी लाने तथा उनका लाभ शीघ्र आमजन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने के लिए जिले में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है। ऐसे में एचएसआईआईडीसी द्वारा जिला के गांव खुडाना में बनने वाले आइएमटी प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करवाया जाना आवश्यक है। शहर के बस स्टैंड पर रोडवेज सब डिपो शीघ्र शुरू किए जाने, स्कूल, कॉलेजों में बेहतर शिक्षा के ओर अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने, महेंद्रगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने सहित अन्य कार्यों पर चर्चा की। वहीं उन्होंने शहर महेंद्रगढ़ में भी विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार की ओर से अधिक धनराशि देने का आग्रह किया ताकि लोगों को जल्द से जल्द सरकार की सुविधाओं का फायदा मिले। प्रो. शर्मा ने कहा कि जिले में शेष बचे हुए

# बरसात में फिर जलभराव से जूझेगा मथुरा

**जलभराव**

- -वर्षो से चली आ रही जलभराव की समस्या
- एक बार फिर खूब किये जा रहे हैं तैयारियों के दावे

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जलभराव की समस्या मथुरा में पुरानी है। समय के साथ यह और जटिल होती जा रही है। हालांकि समस्या समाधान के लिए कई बार प्रयास हुए। हर साल बरसात से पहले दावे किये जाते हैं कि इस बार शहर जलभराव की समस्या से नहीं जूझेगा। इस बार भी खूब दावे किये जा रहे हैं। करोडों रुपए खर्च करने के बाद भी शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा



रही है। मानसून सिर पर गंदे नालों की सफाई का काम अभी भी लटका है। ऐसी हालात में शहर में जलभराव की समस्या बनेगी।
हालांकि नगर निगम ने मानसून में होने वाले जल भराव से निपटने के लिए शहर के सभी नालों की सफाई के आदेश दिए जा चुक हैं। नगर आयुक्त ने कहा है कि सभी नालों का निरीक्षण किया गया है, शहर में जल भराव न हो इसके लिए कार्यवाही के आदेश दिए गए है। बीएसए रोड से सदर एसटीपी तक जाने वाले सभी बड़े नालों को नौ सेक्टर में विभाजित किया गया है। सरकार से सेक्शन मशीन की मांग की गयी है जो करीब 20



एमएम वर्षा के पानी को बड़े नालों में छोड़ने का काम करेगी।

### यहां होता है जलभराव

नया बस स्टैंड मार्ग, बीएसए कॉलेज मार्ग, होली गेट चौराहा, कोतवाली मार्ग, अम्बाखार नाला, पुराना बस स्टेंड मार्ग, केआर कॉलेज मार्ग, भूतेश्वर रेलवे पुल, चंदनवन कॉलोनी, मोती कुंज आदि स्थानों पर जलभराव की समस्या अधिक रहती है।

**फोटो**
सौंख अड्डा स्थित गुरु नानक नगर में सिल्ट से भरा नाला।

## कूटरचित दस्तावेजों से आश्रम कब्जाने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृन्दावन में तीन अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट रमणरेती क्षेत्र स्थित हनुमत निवास के प्रबंधक सुखबीर सिंह उर्फ सुखबीर दा द्वारा दर्ज कराई गई है।
जिसमें आरोपी ब्रजकिशोर यादव उर्फ बैराग्य स्वरूप, निवासी वैष्णवी शक्ति पीठ सत्यराम उर्फ संतदास निवासी हनुमत निवास, ब्रजेश उर्फ रघुराई उर्फ बृजमणी दास निवासी नगला शिबू इटावा को नामजद कराया था। तहरीर के माध्यम से आरोप लगाया कि वैराग्य स्वरूप पर आरोप है कि वह साधु वेश में भूमाफिया है और फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाकर साधु संतों की जमीन हड़पता है। वही अभियुक्तों ने एक राय होकर प्रार्थी की जमीन हड़पने के आशय से फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार किए हैं। साथ ही सुदामा दास को इस आश्रम का कथित महंत दर्शाकर फर्जी व कूटरचित नियुक्ति पत्र अथवा सेवायतनामा लिखकर एक मुख्तयारनामा 13 अक्टूबर 2008 को वैराग्य स्वरुप ब्रह्मचारी के नाम तैयार किया गया और आश्रम पर कब्जा कर प्रार्थी को आश्रम से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 (महत्वपूर्ण दस्तावेजों की कूट रचना), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से कूट रचना), 471 (कूट रचित दस्तावेज का प्रयोग), 120 (ठ) (आपराधिक साजिश) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई शिव शरण सिंह को सौंपी गई है।

## जिला अस्पताल में हुआ वर्ड क्लब फुट डे पर आयोजन



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
क्लबफुट को खत्म करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन ने जिला अस्पताल में वर्ड क्लबफूट डे सेलिब्रेशन किया। जिसमें क्लब फुट के मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। डॉ. नीरज अग्रवाल एवं डॉ लाल सिंह ने फाउंडेशन के कार्य को सरहनीय बताया और क्लब फुट के मरीजों का हाल चाल लिया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल ने क्लबफुट के लगभग 200 से अधिक मरीजों का इलाज किया। अनुष्का फाउंडेशन राज्य सरकार और विभिन्न चिकित्सा कर्मचारियों के सहयोग से क्लबफुट से पीड़ित बच्चों को निशुल्क उपचार प्रदान कर रहा है। क्लबफुट एक जन्म जात विकृति है जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से एक को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उचित उपचार से क्लबफुट का पूरी तरह से इलाज संभव है।

## बच्चों के झगड़े में चले डंडे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जेंत के गांव अक्रूर में बच्चों के बीच हुए विवाद एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गये।पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना में घायल हुए देवेंद्र ने बताया कि उसके भांजे कान्हा पुत्र गोपाल की गांव के ही रहने वाले भीमा पुत्र सोनू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।
बच्चों के बीच हुए विवाद को निपटाने के लिए वह अपनी बहन के घर गया था। वह लोग पहले से लाठी डंडे और धारदार हथियारो से थे। पीड़ित कहना है कि वह जब तक कुछ समझ पाता तब तक इन लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिससे उसके भांजे कान्हा और उसके गंभीर चोट आई है।

## बाल श्रम के विरोध में निकाली जागरूकता रैली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र के बच्चों ने बाल श्रम रोकने की अपील की। वर्ष 2008 से शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से जोड़ने का काम सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया जा रहा है।
विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र पन्ना पोखर के सैकड़ों बच्चों ने पन्ना पोखर इंडस्ट्रियल एरिया गोपाल नगर आदि कालोनियों में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से बाल श्रम को समाप्त करने की मांग की। श्रम विभाग निरीक्षक एसपी पांडे एवं बाल कल्याण समिति मथुरा सदस्य




सीमा शर्मा ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बच्चे के हाथ में बाल श्रम निषेध करने संबंधी नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। बाल श्रम के विरोध में नारे लगा रहे थे। जागरूकता रैली में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालक एवं जिला बाल श्रम उन्मूलन समिति एवं टास्क फोर्स सदस्य सतीश चंद्र शर्मा, श्रम प्रवर्तन निरीक्षक एसपी पांडे जिला बाल कल्याण समिति मथुरा सदस्य सीमा शर्मा, कु. कुमकुम राजपूत, गौरी राजपूत, निशा सिंह, पीयूष, सविता एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# धेनुकासुर की संज्ञा से ब्रज मंडल के सेवायतों में नाराजगी

**नाराजगी**

- राधा रानी को लेकर दिये गये भ्रामक वक्तव्य को लेकर ब्रज मंडल से सेवायत और साधु संत खफा थे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज मंडल के तीर्थ पुरोहितों में भागवत वक्ता प्रदीप मिश्रा को लेकर नाराजगी है। नाराजगी की कई वजह सामने आ रही है। ब्रजवासियों की आराध्य राधा रानी को लेकर दिये गये भ्रामक वक्तव्य को लेकर ब्रज मंडल से सेवायत और साधु संत खफा थे। सेवायत, पुजारियों के लिए धेनुकासुर शब्द का उपयोग किये जाने से यह



नाराजगी और बढ़ गई है। तीर्थ पुरोहित महासंघ और तीर्थ देवालय न्यास की संयुक्त बैठक में कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का प्रबल विरोध किया गया। मांग की गई कि बरसाना राधा रानी के चरणों में आकर माफी मांगें। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों व ब्रज तीर्थ देवालय न्यास की संयुक्त बैठक श्रीजी बाबा आश्रम भूतेश्वर रोड पर तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रज मंडल अध्यक्ष पंडित मुरारीलाल उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तीर्थ देवालय न्यास के अध्यक्ष भागवताचार्य रमाकांत गोस्वामी ने प्रदीप मिश्रा को ब्रज में आकर शास्त्रार्थ की खुली चेतावनी दी। तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रज प्रांत महामंत्री पंडित अमित भारद्वाज ने कहाकि प्रदीप मिश्रा यदि राधारानी के चरणों में आकर माफी नहीं मांगेंगे तो उनके विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही की जायेगी। विरोध कर रहे ब्रज मंडल के मंदिरों के सेवायतों, धमार्चार्यों को प्रदीप मिश्रा द्वारा धेनुकासुर की संज्ञा देना उन्हें भारी पड़ेगा।
ब्रजमंडल महामंत्री यज्ञदत्त चतुर्वेदी, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिलानंद चतुर्वेदी, भगवताचार्य लालजी भाई शास्त्री, पं.पूर्ण प्रकाश कौशिक महाराज, श्री हरिनामदास बाबा, मधुबन महोली, महंत दीपक शास्त्री आदि ने भी विरोध किया।

## सावधान: 17 तक चलेगी भयंकर लू

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भीषण गर्मी की मार अभी जारी रहेगी। 13 से 17 जून तक मथुरा में प्रशासन ने हीट वेव (लू) चलने के सम्बन्ध में रेड अलर्ट जारी किया हैं। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है। सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट राया कृषि फार्म शिवांकर भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को मथुरा में न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। जिसके कारण शरीर में पानी की कमी एवं ऐंठन की शिकायत आती है। कभी कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जानी है। हीट वेव (लू) से वृध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते है।

**इस दौरान बरतें सावधानी**
कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचें। हल्के रंग के ढीले ढाले और सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें। पर्याप्त और नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। सफर मे अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें।

## इस साल 34 लाख वृक्ष रोपने का लक्ष्य

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी ने सभी को जनपद में वृहद वृक्षारोपण के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। जनपद का लक्ष्य लगभग 34 लाख वृक्षों का है। उन्होंने कहा कि सभी लोग जलभराव की जगहों को चिन्हित करते हुए पम्प सेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नालियों की सफाई कराएं। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ गौशालाओं का निरीक्षण करने, नेपियर घास को लगवाए, जिससे गौशालाओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था हो सके, गौशालाओं में जल, शेड, भूसा, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्रों में पशुओं व आम जनमानस के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी तालाबों को नहरों के माध्यम से भरवाएं। गर्मी के दृष्टिगत इंडिया मार्क पम्प सही कराएं। रोजगार के लक्ष्यों को पूर्ण कराएं।

## चोरी की बिजली से 20 ई रिक्शा चार्ज होते मिले

**चैकिंग**

- जिन फीडरों पर लोड अधिक आ रहा है वहां सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में चोरी की बिजली से 20 ई रिक्शा चार्ज होते मिले। विद्युत विभाग की ओर से कडी कार्यवाही की गई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग लगातार सतर्कता बरत रहा है। जिन



फीडरों पर लोड अधिक आ रहा है वहां सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत विभाग की टीमें मॉर्निंग रेड कर रही हैं। साथ ही रात के समय रेकी कर भी विद्युत चोरी पकडी जा रही है। बिजली विभाग की टीमों ने विशेष अभियान चलाते हुए 57 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। वृंदावन में ई रिक्शा भी चोरी से चार्ज किए जा रहे थे। इसी क्रम में एक्सईएन तृतीय शहरी अनिल कुमार पाल के निर्देशन में मसानी एसडीओ मानवेन्द्र गौतम ने टीम के साथ डींग गेट क्षेत्र में रात्रि में चेकिंग की। कैंट में एक्सईएन आशीष गुप्ता के निर्देशन में कठौती कुंआ, वनखंडी क्षेत्र में एसडीओ कैंट अजय कुमार द्वारा चेकिंग कराई। जेई पोपेन्दर ने टीम के साथ चेकिंग की। एसडीओ पंकज शर्मा के निर्देशन में छटीकरा टाउन, एसडीओ संदीप वार्ष्णेय के निर्देशन में वृंदावन क्षेत्र में चेकिंग की गई। एक्सईएन वृंदावन अनिल कुमार ने बताया कि 27 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी है। नौहझील के द्रोपदी चौक में एसडीओ समर्थ श्रीवास्तव द्वारा चेकिंग कराई गई।

# मनरेगा में अधिक से अधिक कार्य दिवस सृजित करें: डीएम

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद स्तर, विकासखण्ड स्तर के कार्यों को गति प्रदान करने तथा संबंधित विभागों की योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार देते हुए लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मनरेगे के कार्य कराएं जाएं।
जिलाधिकारी ने समस्त कार्यों को जिओ टैगिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण विभाग आदि विभागों




में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि वन विभाग द्वारा अपना 95 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है, उद्यान विभाग द्वारा हाईटेक नर्सरी बनाई गई है। जिलाधिकारी ने कैच दी रैन के संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में तालाब खुदवाए तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार कराए। समस्त अमृत सरोवरों की साफ सफाई सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बीडीओ को 15 दिनों में समस्त अमृत सरोवरों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर बारिश का पानी आना चाहिए। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। अमृत सरोवरों पर गंदा पानी भी जाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बीडीओ को अपने अपने क्षेत्रों के रोजगार सेवकों, सचिवों तथा टी.ए के साथ नियमित रूप से बैठक करने के निर्देश दिए। सभी बीडीओ जलभराव की समस्याओं हेतु प्रधानों से संपर्क स्थापित करें, उनके माध्यम से जलभराव वाले स्थान चिन्हित करे तथा ससमय निस्तारण हेतु कार्य योजना बनाए। जहा जहा आवश्यकता है वहां वहां नई नालिया बनवाए। पक्के कार्यों की कार्य योजना बनाए।

### मनरेगा मजदूरों का जल्द मिलेगा पैसा

मुख्य विकास अधिकारी ने डीसी मनरेगा को समस्त लंबित भुगतानों को शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पुराने शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सोशल ऑडिट करने तथा लंबित प्रकरणों को पूर्ण कराए। सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्रों में मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण कराए। प्राइमरी स्कूलों में बाउंड्री वॉल के कार्यों में तेजी लाए।

## मां भगवती की भव्य शोभायात्रा निकाली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मां वैष्णो के भक्तों ने माता की ज्योति जलाई। भगवती की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। माता की चौकी का आयोजन किया गया। मण्डल ने संकल्प लिया था कि जब श्री राम लला अपने नवनिर्मित महल में विराजेंगे उस वर्ष वहां माता का जागरण, शोभायात्रा आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी संकल्प की पूर्ति के लिये मंडल के पदाधिकारीगण, सदस्य व भक्तों आयोजन किया। आयोजन में प्रातः स्थानीय काठिया मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ। रात्रि में मां भगवती की ज्योति जलाकर माता की चौकी का आयोजन किया। जिसमें ब्रज के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों द्वारा मां वैष्णो का



गुणगान किया गया। समापन पर भव्य महाआरती संजय भगत व समिति पदाधिकारियों द्वारा की गयी। मण्डल अध्यक्ष डा. अंशुमान गोयल, महासचिव पं. शशांक पाठक, रवि मंगलम, विवेक सूतिया, बंटी गोला, अंकित कसेरे, चिराग सोनी, कुशाग्र अग्रवाल, अनुज राजपूत, शिवाली अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

**फोटो**
हवन यज्ञ में आहुति देते लोग।

## सीबीडीटी अध्यक्ष ने बोर्ड सदस्यों के साथ वित्त मंत्री को दी बधाई

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने सीबीडीटी के सदस्यों के साथ केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता और बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। सीतामरण ने आज नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के तौर पर अपना कार्यभार संभाला है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है। सीबीडीटी देश में प्रत्यक्ष करों की योजना बनाने के लिए आवश्यक जानकारी मुहैया कराता है। इसके साथ ही यह आयकर विभाग के माध्यम से प्रत्यक्ष कर कानूनों के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है।

## तोशिबा जॉनसन एलिवेटर्स को ट्यूलिप ग्रुप से 60 एलिवेटर की आपूर्ति का ठेका

**मुंबई।** एलिवेटर और एस्केलेटर कंपनी तोशिबा जॉनसन एलिवेटर्स (इंडिया) ने कहा कि उसे ट्यूलिप ग्रुप से 60 हाई-स्पीड एलिवेटर की आपूर्ति के आर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ट्यूलिप ग्रुप ये ईएलकोस्मो-आईआईआईएल एलिवेटर गुरुग्राम में अपनी प्लेटिनम कलेक्शन - ट्यूलिप मोनसेला प्रोजेक्ट के लिए ले रहा है। इस मिश्रित आवास विकास परियोजना में 36 से 40 मंजिलों वाले 145 मीटर की ऊँचाई के 10 आवासीय टावर, तथा एक विशेष वाणिज्यिक टावर बनाए जा रहे हैं इस परियोजना में एक प्रतिष्ठित ÷स्काई हब÷ भी स्थित है।

## जिंदल स्टेनलेस का ज़ंग वारियर अभियान

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ज़ंग वारियर नाम से एक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान कंपनी की 'स्टेनलेस अकादमी' द्वारा कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और स्थायी सामाजिक विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। यह अभियान सामजिक कुरीतियों पर जागरूकता फैलाने को साथ साथ कौशल विकास के महत्व पर ज़ोर देता है, खासकर उन छोटे उद्योगों में जहां जिंदल स्टेनलेस कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## क्षेमा जनरल इंश्योरेंस का खरीफ फलस को लेकर नया अभियान

**नई दिल्ली।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने देश में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए एक सार्थक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य खरीफ सीज़न शुरु होने पर किसानों को फसल बीमा के बारे में जागरूक करना है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह संपूर्ण अभियान एक विज्ञापन पर आधारित है, जो मानसून के आगाज़ के साथ बुआई शुरू करते ही किसानों तक पहुँच जाएगा। अभियान किसानों को बताता है कि वित्तीय सुरक्षा के रूप में फसल बीमा का क्या महत्व है, खासकर तब, जब जलवायु घटनाएँ चरम पर हैं और लगातार तीव्र होती जा रही हैं।

## युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है रियलमीः काउंटरपॉइंट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन एवं एसेसरीज बनाने वाली कंपनी रियलमी भारतीय युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड बनकर उभरा है।काउंटरपॉइंट रिसर्च द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रियलमी ने इस रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि और मील का पत्थर भारत की युवा आबादी के लिए रियलमी के निरंतर फोकस और समर्पण को रेखांकित करता है। यह युवा भारत की तकनीकी आकांक्षाओं को समझने और उन गतिशील जरूरतों को पूरा करने की अपनी निरंतर क्षमता के संबंध में रियलमी के अथक फोकस को भी दर्शाता है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी

## स्पाइसजेट ने हैदराबाद से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा बंद की

**नई दिल्ली।** सस्ती विमान सेवा प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट ने हैदराबाद से अयोध्या के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा शुरू होने के दो महीने के भीतर बंद कर दी है। अजय सिंह के स्वामित्व वाले गुरुग्राम स्थित एयरलाइन ने इस साल अप्रैल की शुरुआत से हैदराबाद-अयोध्या मार्ग पर सप्ताह में तीन बार नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा शुरू की थी। जीएमआर समूह द्वारा संचालित हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक सूत्र ने कहा, 'स्पाइसजेट ने 1 जून से हैदराबाद से अयोध्या के लिए अपनी नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा बंद कर दी है।'एयरलाइन तेलंगाना की राजधानी से अयोध्या के लिए सप्ताह में तीन दिन इन सेवाओं का संचालन करती है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा, उड़ानों की समयसारिणी पूरी तरह से वाणिज्यिक जरूरतों और मांग से प्रेरित है।

# इंटअमेरिकी अर्थशास्त्री की बड़ी चेतावनी, फूट सकता है शेयर बाजार का बुलबुला

### 92 प्रतिशत तक टूट सकता है नैस्डेक, एसएंडपी में 86 प्रतिशत गिरावट की आशंका

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थशास्त्री हैरी डेंट ने शेयर बाजार की स्थिति को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। हैरी डेंट का कहना है कि शेयर बाजार आने वाले दिनों में भारी गिरावट का शिकार हो सकता है। उनके मुताबिक ये गिरावट 2008 की मंदी में आई गिरावट से भी अधिक भयानक हो सकती है। हालांकि ये चेतावनी अमेरिकी शेयर बाजार को लेकर दी गई है लेकिन अगर अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट आती है तो भारतीय शेयर बाजार भी इससे काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। अपनी एक रिपोर्ट में हैरी डेंट ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार काफी ऊंचाई पर पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में जल्दी ही शेयर बाजार के बुलबुले के फूटने की आशंका बन गई है। उनके अनुसार किसी भी बाजार में तेजी का बुलबुला आमतौर पर 5 से 6 साल तक बना रहता है। उसके



बाद बाजार कंसोलिडेटेड करके वापस अपने सही स्थान पर पहुंच जाता है। लेकिन शेयर बाजार में पिछले 14 साल से तेजी का बुलबुला लगातार बना हुआ है, जिसके कारण जब भी मार्केट में कंसोलिडेशन शुरू होगा, तो इससे दुनिया भर के निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

हैरी डेंट का दावा है कि शेयर बाजार में लगातार 14 साल से तेजी कायम रहने की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी सरकार द्वारा कृत्रिम तरीके से आर्टिफिशियल इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए की गई कोशिश नजर आ रही है।

ऐसी स्थिति में आर्टिफिशियल इकोनॉमी के बुलबुले का फटना लगभग तय है। अपनी रिपोर्ट में हैरी डेंट ने कहा है कि शेयर बाजार का बुलबुला फूटने पर 2007-08 के दौर से भी ज्यादा तेज गिरावट आ सकती है। उनके मुताबिक एसएंडपी 500 इंडेक्स अपने टॉप लेवल से 86 प्रतिशत तक गिर सकता है। नैस्डेक में 92 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। हैरी डेंट का कहना है कि अगले साल की शुरुआत में उस वक्त शेयर बाजार में इस गिरावट की शुरुआत हो सकती है, जब महंगाई को पूरी तरह से काबू में लाने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी मॉनेटरी पॉलिसी को सख्त करेगा। शेयर बाजार की इस गिरावट में हाउसिंग सेक्टर की सबसे बड़ी भूमिका होने की आशंका भी हैरी डेंट ने जताई है।

दरअसल, दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार अमेरिकी शेयर बाजार के ट्रेंड को फॉलो करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आती है तो भारतीय शेयर बाजार भी काफी हद तक इससे प्रभावित हो सकता है। हालांकि अभी तत्काल भारतीय बाजार में किसी बड़ी गिरावट की आशंका नजर नहीं आ रही है।

## सरकार के उपायों से खिलौना निर्यात और निर्माण बढ़ा : डीपीआईआईटी सचिव



एजेंसी
**नई दिल्ली।** सरकार के अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एवं सीमा शुल्क में वृद्धि जैसे उपायों से खिलौना निर्यात और निर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है, लेकिन इस क्षेत्र के लिए अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में फ्लिपकार्ट और भारतीय खिलौना उद्योग के साथ आयोजित कार्यशाला के दौरान यह बात कही। सिंह ने कहा कि वह इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत राजकोषीय प्रोत्साहन बढ़ाने के प्रस्ताव पर तत्परता से काम कर रहे हैं।

डीपीआईआईटी ने बढ़ते भारतीय खिलौना क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से फ्लिपकार्ट और भारतीय खिलौना उद्योग के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि भारतीय खिलौना उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस से उभरते अवसरों का लाभ कैसे उठाया जा सकता है।

# देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में पांच फीसदी बढ़ा

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईअईपी) अप्रैल महीने में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह 4.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 फीसदी बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल, 2024 में 3.9 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 5.5 फीसदी बढ़ा था। इस वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल में खनन उत्पादन 6.7



फीसदी और बिजली उत्पादन 10.2 फीसदी बढ़ा। इन दोनों क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन ने कुल औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने में मदद की है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 फीसदी दर्ज किया गया था, यह नवंबर में घटकर 2.5 फीसदी, दिसंबर में 4.2 फीसदी और जनवरी 2024 में 4.1 फीसदी दर्ज किया गया था, जो अब बढ़कर पांच फीसदी हो गया है। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिए आंका जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना दिन के कारोबार में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज उछाल दर्ज की गई है। इस उछाल के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

आज सुबह दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण शाम 6 बजे तक इसकी कीमत बढ़ कर 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके पहले मंगलवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुलने के बाद 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। सर्राफा बाजार के जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय



बाजार में आई तेजी के कारण घरेलू सर्राफा बाजार पर भी इसका पर असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में 24 कैरेट सोना आज 12 डॉलर की मजबूती के साथ 2,315 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है। सोने की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में भी तेजी आई है। आज चांदी की कीमत में प्रति औंस 0.15 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के कारण चांदी की कीमत 29.20 डॉलर प्रति औंस से बढ़ कर 29.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गई है।

# मई में खुदरा महंगाई दर 12 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** महंगाई के मोंचे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित देश की खुदरा महंगाई दर मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी थी, जबकि जुलाई 2023 में 4.44 फीसदी रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी



पर पहुंच गई है। खुदरा महंगाई अप्रैल 2024 में 4.83 फीसदी और मई 2023 में 4.31 फीसदी थी। मई में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.69 फीसदी रही, जो अप्रैल में 8.70 फीसदी थी। इस तरह कुल महंगाई में फरवरी 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 फीसदी थी और अप्रैल 2024 में घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई थी, जो मई में 4.75 फीसदी पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था।

इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है कि खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार फीसदी पर बनी रहे।

## एप्पल ने माइक्रोसॉफ्ट से छीना दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का तमगा, 2फीसदी से अधिक बढ़े शेयर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** एपल ने माइक्रोसॉफ्ट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। एपल के शेयर दो फीसदी से अधिक बढ़कर 211.75 डॉलर हो गए। जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 3.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसकी तुलना में माइक्रोसॉफ्ट का बाजार पूंजीकरण 3.24 ट्रिलियन डॉलर तक गिर गया, जिससे यह पांच महीने में पहली बार एपल से पीछे हो गई। एपल के स्टॉक में उछाल तब आया है, जब नैस्डैक ने




मुद्रास्फीति कम होने के ताजा संकेतों के कारण रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया। अपने उपकरणों के लिए एआई-इनेबल्ड सुविधाओं की एख सीरीज का अनावरण करने के एक दिन बाद एपल के शेयरों में पिछले सत्र में सात फीसदी की वृद्धि हुई थी। कई विश्लेषकों का मानना है कि इससे आईफोन की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा।

# दूरसंचार उद्योग के मुद्दों पर नई सरकार के लिए सीओएआई की सिफारिशें

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** दूरसंचार, इंटरनेट, टेक्नोलॉजी और डिजिटल सेवा क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग संगठन सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार के साथ भारत एक और महत्वपूर्ण युग में प्रवेश कर रहा है, हम अगले पाँच वर्षों में दूरसंचार उद्योग के लिए नए विकास और नीतिगत विचारों को लेकर उत्साहित हैं। सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एस.पी. कोचर ने यहां जारी बयान में नयी सरकार के लिए अपनी सिफारिशें रखते हुये कहा पिछले दशक में, हमने देखा कि कैसे भारत 2027 तक एक संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के लिए कदम बढ़ा रहा है। चल रही और आने वाली 5जी प्रगति के साथ-साथ आशाजनक 6जी नवाचारों के साथ, भारत में दूरसंचार उद्योग इस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे भारत के लिए नया अध्याय सामने आ रहा है, यहाँ उन सर्वोच्च प्राथमिकताओं की एक झलक दी गई है, जिन्हें हम चाहते हैं कि सरकार उद्योग को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए संबोधित करे।

उन्होंने कहा कि भारत में 5जी नेटवर्क, विशेष रूप से मोबिलिटी सेवाओं (आईएमटी) का विस्तार करने के लिए 6 गिगाहर्ट्ज मिड-बैंड स्पेक्ट्रम की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से पिछली स्पेक्ट्रम नीलामी में हमें केवल 800 मेगाहर्ट्ज ही मिल पाए थे, इसलिए आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमें 6 गीगाहर्ट्ज रेंज से 1200 मेगाहर्ट्ज प्राप्त करने की



आवश्यकता है। जीएसएमए की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के उपयोग के माध्यम से 5जी नेटवर्क परिनियोजन में सालाना 10 अरब डॉलर तक की बचत कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने भारत 6जी एलायंस और भारत 6जी विजन जैसी पहलों के माध्यम से 6जी नवाचारों में बड़ी छलांग लगाई है, जो भारत को 6जी नवाचारों और परियोजन में अग्रणी बनाने की परिकल्पना करते हैं। इस मिशन को प्राप्त करने के लिए, उद्योग को बड़े पैमाने पर स्पेक्ट्रम संसाधनों की आवश्यकता है जो 6जी द्वारा आवश्यक उच्च क्षमता प्रदान कर सकें। उन्होंने इसके मद्देनजर सरकार से 6जी के लिए 6 गीगाहर्ट्ज संसाधनों की रणनीतिक योजना बनाने का आग्रह करते हुये कहा कि जून के अंत तक 5जी के लिए प्रत्याशित स्पेक्ट्रम नीलामी के साथ, हम सरकार से स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण और संबंधित राजस्व चिंताओं के बारे में उद्योग के लंबे समय से चल रहे मुद्दों को संबोधित करने का अनुरोध करते हैं। 4जी/5जी रोलआउट के लिए भारी निवेश करने के बावजूद, भारत में टेलीकॉम सेवा प्रदाता अभी भी दुनिया में सबसे कम कीमत पर अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्होंने भारत में टीएसपी नियामक प्राधिकरणों से एक फेयर शेयर डेटा नेटवर्क उपयोग नीति लागू करने का अनुरोध किया है जिसमें बड़े ट्रैफ़िक जेनरेटर (एलटीजी) अपने राजस्व का एक हिस्सा टीएसपी को देते हैं जो उनकी डेटा आवश्यकताओं के लिए संपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रदान करते हैं। दूरसंचार नेटवर्क पर डेटा में तेजी से वृद्धि ने दूरसंचार नेटवर्क पर जबरदस्त दबाव डाला है, जिससे गंभीर क्यूओएस मुद्दे सामने आए हैं, जिससे टीएसपी के ग्राहक अनुभव पर भारी असर पड़ा है।

# उतार चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में और तेजी आई।

निफ्टी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग और क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने में भी सफल रहा। दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, यूटिलिटी, पावर, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। रियल्टी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 429.26 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 426.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.32 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,991 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,550 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,337 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 104 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,325 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,563 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 762 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 222.52 अंक उछल कर 76,679.11 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों ने बाजार में अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से 11 बजे के थोड़ी देर पहले ही ये सूचकांक 593.94 अंक की तेजी के साथ 77,050.53 अंक के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स इस सप्ताह दूसरी बार 77 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा है। हालांकि इस ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 149.98 अंक की बढ़त के साथ 76,606.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 79.60 अंक की तेजी के साथ 23,344.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# कच्चे तेल की मांग में सबसे आगे रहेगा भारत, अप्रैल-मई में 16,600 करोड़ के आईफोन का निर्यात

एजेंसी
**मुंबई ।** भारत कच्चे तेल की मांग के मामले में दुनिया में सबसे आगे निकल जाएगा। 2023 से 2030 के बीच दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक देश में क्रूड की खपत में 13 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की भारी वृद्धि की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को 'ऑयल 2024 रिपोर्ट' में कहा, 2023 से 2030 के बीच भारत की तेल मांग चीन के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक बढ़ेगी। इस अवधि में भारत में कच्चे तेल की मांग 2030 तक 13 लाख बीपीडी या 3.2 फीसदी बढ़कर 67 लाख बीपीडी पहुंच जाएगी। 2023 में मांग 54 लाख बीपीडी रही है। भारत में मांग बढ़ने की प्रमुख वजह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

एपल ने चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में भारत से 16,600 करोड़ रुपये के आईफोन का निर्यात किया है। यह देश के कुल आईफोन उत्पादन का 81 फीसदी है। कंपनी ने दोनों महीनों में एक-एक अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात किया है। पिछले वित्त वर्ष में एपल ने 10 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन का निर्यात किया था।


एपल के तीन प्रमुख विक्रेताओं फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उत्पादन मूल्य निर्यात सहित 10.2 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। हालांकि, इसका 25 फीसदी हिस्सा दो माह में ही हासिल कर लिया है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की देश के कुल मोबाइल फोन निर्यात में 65 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.37 डॉलर यानी 0.45 फीसदी उछलकर 82.29 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.45 डॉलर यानी 0.58 फीसदी की बढ़त के साथ 78.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी द्वीप में भूकंप के झटके




**एजेंसी**
**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत के तट पर गुरुवार तड़के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार देर रात करीब 12:01 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र तालुद द्वीप समूह के 41 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में समुद्र तल से 32 किलोमीटर की गहराई में था।

# ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा किया : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है।मीडिया रिपोर्टों में श्री मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक श्री मैक्रों ने कहा , लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया। फ्रांस के बैंकिंग सलाहकार अर्नोद को सितंबर 2022 में ईरान की यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल उन्हें कथित तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आरोपों में पांच साल जेल की सजा सुनाई गयी थी।



# लीबिया से 163 बंगलादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया ÷आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं। इस सप्ताह 163 प्रवासियों के साथ बंगलादेश के लिए बेंगाजी से ढाका तक की उड़ान की सुविधा प्रदान की गई थी। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से लीबिया उन हजारों प्रवासियों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है जो यूरोपीय तटों तक पहुंचने के लिए भूमध्य सागर को पार करने का प्रयास करते हैं। आईओएम द्वारा संचालित स्वैच्छिक मानवतावादी वापसी कार्यक्रम लीबिया में फंसे प्रवासियों की उनकी मातृभूमि में वापसी की व्यवस्था करता है।आईओएम के अनुसार वीएचआर कार्यक्रम ने 2015 से 80,000 प्रवासियों को स्वेच्छा से लीबिया से अपने मूल देशों में लौटने में मदद की है।

# अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है।सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक मावलवी शम्सुद्दीन मोहम्मदी ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब एक वाहन सड़क से उतर गया और प्रांतीय राजधानी मैमाना शहर में एक आवासीय घर की दीवार से टकरा गया। श्री मोहम्मदी ने कहा पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। अफगानिस्तान में भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना और जर्जर राजमार्गों पर यातायात संकेतों की कमी यातायात दुर्घटनाओं के कुछ कारण हैं।




# कुवैत में भीषण आग से 49 लोगों की मौत, मृतकों में 40 से अधिक भारतीय

**एजेंसी**
**दुबई/कुवैत सिटी।** दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 40 से अधिक भारतीयों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल-मंगफ नामक इस इमारत में भीषण आग लगने से कुल 49 लोगों की जान गयी है जिनमें से 42 के बारे में माना जा रहा है कि वे भारतीय थे।

बाकी पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्र, नेपाल के नागरिक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना को 'दुखद' बताया तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस घटना से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। एक सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने इस 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' पर गहरा दुख प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी घोषित की। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग में घायल हुए भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश पहुंचाने के कार्य में सहयोग के लिए कुवैत रवाना हो रहे हैं।



सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और निर्देश दिया कि भारत सरकार सभी संभव सहायता उपलब्ध कराए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और वहां प्रभावितों की सहायता के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।''

जयशंकर ने एक बयान में कहा, कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। 40 से अधिक लोगों की मौत की खबर है और 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, ''मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल हुए लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।'' कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका कई अस्पतालों में गये । उनमें वे अस्पताल भी हैं जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हताहत हुए भारतीयों में ज्यादातर केरल के हैं। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों को बचा लिया गया।

# सऊदी अरब के प्रधानमंत्री जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**रियाद ।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे।

सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। हज मुसलमानों के सबसे पवित्र शहर मक्का की वार्षिक इस्लामी तीर्थयात्रा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और शिखर सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।



# डब्ल्यूएचओ ने सोमालियाई लोगों की मदद के लिए नयी परियोजना शुरू की

**एजेंसी**
**मोगादिशु।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जलवायु जनित घटनाओं से प्रभावित सोमालिया के लोगों की मदद के लिए नयी परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह परियोजना सोमालिया में उन लोगों को लक्षित कर रही है जो अभी भी बाढ़ और सूखे जैसी चरम जलवायु घटनाओं के प्रभावों के साथ जी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना महत्वपूर्ण देखभाल की गुणवत्ता, पहुंच और कवरेज में सुधार के लिए समुदायों और स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच रेफरल संबंधों को भी मजबूत करेगी। इसमें चिकित्सा जटिलताओं के साथ गंभीर कुपोषण वाले बच्चों के लिए स्थिरीकरण केंद्रों में रोगी उपचार शामिल है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि नयी परियोजना पहले की परियोजना के पूरा होने के बाद आई है जिससे सोमालिया में सूखे और बाढ़ से प्रभावित 30 लाख से अधिक लोगों को एकीकृत स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं से लाभ हुआ है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली के लचीलेपन को मजबूत करते हुए बार-बार होने वाले जलवायु झटके, खाद्य असुरक्षा और बीमारी के प्रकोप, विशेष रूप से हैजा के स्वास्थ्य प्रभावों को कम करना है।डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोमालिया में हैजा का प्रकोप जारी है जो दिसंबर 2023 की बाढ़ के बाद से और भी बदतर हो गया है जिसने स्वच्छता सुविधाओं को नष्ट कर दिया और आगे विस्थापन का कारण बना। एजेंसी ने बताया अनुमान है कि भारी गु (अप्रैल-से-जून) बारिश के कारण प्रकोप जारी रहेगा जिससे संभावित रूप से अचानक बाढ़ आ सकती है। वह सोमालिया के स्वास्थ्य और मानव सेवा मंत्रालय को जिला स्तर पर हैजा सहित बीमारी के प्रकोप की रोकथाम, शीघ्र पता लगाने और त्वरित प्रतिक्रिया को मजबूत करने में भी सहायता करेगा।

# गाजा में इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37,202 हुई



**एजेंसी**
**गाजा।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे।उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया। हमले के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया।

# इराक में तेल रिफाइनरी में भीषण आग लगी

**बगदाद।** इराक के अर्बिल गवर्नरेट में एक तेल रिफाइनरी की डामर भंडारण सुविधा में भीषण आग लग गई है। रूडॉ ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि आग लगी लेकिन इसका कारण स्पष्ट नहीं है। कथित तौर पर लगभग बारह अग्निशमन दल आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने ब्रॉडकास्टर को बताया कि आग में एक व्यक्ति घायल हो गया और अन्य को सांस लेने में समस्या हुई, हालांकि ब्रॉडकास्टर इसकी पुष्टि नहीं कर सका। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि उसने विस्फोट की आवाज सुनी और इसे एक बड़ा धमाका बताया।



# द अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि के बाद हाईअलर्ट

**एजेंसी**
**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है।श्री फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाज़ुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से, 30 से 39 वर्ष की आयु के पुरुष हैं , जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं, दो को छुट्टी दे दी गई है और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की परिभाषा के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। वर्ष 2024 की शुरुआत से, राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान (एनआईसीडी) को एमपॉक्स परीक्षण के 12 अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से तीन सकारात्मक पाए गए। अन्य दो मामलों का निदान निजी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया था। दिशानिर्देशों को अद्यतन किया गया है और विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के नेटवर्क में व्यापक रूप से साझा किया गया है। श्री फाहला ने कहा हम



इस बीमारी से पीड़ित लोगों को दूसरों को संक्रमित होने से बचाने के लिए उनके उपचार में सहायता करके स्थानीय संचरण को बाधित कर सकते हैं। हम स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सहयोग करके टालने योग्य मौतों को रोक सकते हैं, जब वे संपर्क ट्रेसिंग और केस खोज करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 500 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एमपॉक्स रोग के बारे में वेबिनार आयोजित किए हैं। दक्षिण अफ्रीका में डब्ल्यूएचओ के एक डॉक्टर फैबियन नेन्ज़ाको ने कहा कि वे एमपॉक्स से संक्रमित लोगों के लिए दवा उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण अफ्रीकी सरकार के साथ काम कर रहे हैं। जिनेवा, स्विट्जरलैंड में वैक्सीन की कुल 10 खुराकें पैक की गई हैं, और कागजी कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रही हैं और फिर दक्षिण अफ्रीका भेज दी जाएंगी। डब्ल्यूएचओ दो मामलों की पुष्टि होने पर मंकीपॉक्स के प्रकोप को परिभाषित करता है। श्री नेडेनजाको ने कहा कि चूंकि सभी पांच मामलों में कोई यात्रा इतिहास नहीं है, इसलिए देश में एमपॉक्स के मामले बहुत अधिक हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 1 जनवरी, 2022 से 31 मई, 2024 तक, 117 देशों से 186 मौतों सहित, मंकीपॉक्स के कुल 97,208 प्रयोगशाला-पुष्टि मामले सामने आए। दक्षिण अफ्रीका में 2022 में मंकीपॉक्स के पांच मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

# मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा के लिये 21 दिन के शोक की घोषणा

**एजेंसी**
**लिलोंग्व।** मलावी में सैन्य विमान दुर्घटना में मृत उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा के लिये 21 दिन के शोक की घोषणा की गयी।सूचना एवं डिजिटलीकरण मंत्री मोसेस कुंकुयू ने देर रात यह घोषणा की और कहा कि उपराष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को राजकीय अंतिम संस्कार का दर्जा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि न्याय मंत्री टाइटस म्वालो के नेतृत्व में एक विशेष समिति उपराष्ट्रपति के अंतिम संस्कार की व्यवस्था का समन्वय करेगी। दक्षिणी अफ्रीका में राष्ट्रीय ध्वज और अन्य सभी संस्थागत झंडे आधे झुका दिये गये हैं। ।अधिकारियों के अनुसार, उपराष्ट्रपति सौलोस और नौ अन्य यात्रियों को लेकर जा रहे सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी यात्रियों की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि इसमें पूर्व प्रथम महिला पैट्रिशिया शैनिल डिज़िम्बिरी भी सवार थीं। दुर्घटना के दौरान, विमान में सवार सभी लोग पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। उसी दौरान, खराब मौसम के कारण यह दुर्घटना हुई।



# नाटो प्रमुख हंगरी के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे



**एजेंसी**
**मॉस्को।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है। इसके साथ ही श्री ओरबान की योजना हंगरी के यूक्रेन में नाटो अभियानों से बाहर निकलने के मुद्दे को उठाने की भी है, जबकि वह अभी भी गठबंधन का सदस्य बना हुआ है। द्विपक्षीय बैठक के बाद श्री स्टोलटेनबर्ग और श्री ओरबान संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

# हश मनी केस: पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों की जज से अपील, राष्ट्रपति डिबेट से पहले गैग ऑर्डर हटाएं

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** हश मनी केस में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकील ब्लैंच और बोव ने बहस के दौरान जज से आग्रह किया है, कि जब उनके मुव्वकिल ट्रंप को दोषी ठहराया गया है, तो उन पर से गैग आदेश को हटा लिया जाए, क्योंकि उनके विरोधी ट्रंप के भाषण पर लगे प्रतिबंध का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप के वकील ने आगे कहा कि ये आदेश 27 मई को होने वाले राष्ट्रपति डिबेट के दौरान जो बाइडन के आरोपों के जवाब देने के दौरान ट्रंप की योग्यताओं को बाधित भी कर सकता है। गैग ऑर्डर की बात करें तो, ये किसी संवेदनशील मामले पर सार्वजनिक चर्चा के खिलाफ एक समान गैर-न्यायिक प्रतिबंध है।

**हश मनी केस के 34 मामलों में दोषी हैं ट्रंप**

बता दें कि मैनहट्टन ज्यूरी ने 30 मई को ट्रंप को 34 मामलों में दोषी पाया था। जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पूर्व वकील माइकल कोहेन के जरिए 2016 में चुनाव से पहले एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को एक सेक्स स्कैंडल के मामले में चुप रहने के लिए 130 हजार डॉलर का भुगतान किया था। जिस मामले में उनका ये तर्क था कि ये शारीरिक संबंध करीब एक दशक पहले बनाए गए थे। ये केस किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ पहला आपराधिक मामला है, चाहे वो अमेरिकी राष्ट्रपति वर्तमान का हो या भूतपूर्व हो। जबकि एक सुनवाई के दौरान ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने डेनियल्स के साथ कोई शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे। और 11 जुलाई को सजा सुनाए जाने के बाद इस आदेश के खिलाफ अपील करने की कमस भी खाई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ हश मनी केस में 34 केस चल रहे हैं। दरअसल ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2016 में एक सेक्स स्कैंडल से बचने के लिए एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को पैसों का भुगतान किया था। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप उस वक्त रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी कर रहे थे।

# FBI दफ्तर में महिला ने खुद पर तानी बंदूक, अफसरों ने सूझबूझ से आत्मसमर्पण कराया, पुलिस ने हिरासत में लिया

**एजेंसी**
**शिमला ।** अमेरिका के सिएटल में एफबीआई की इमारत में एक घंटे खूब बवाल हुआ, जिसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। एफबीआई के प्रवक्ता स्टीव बर्न्ड ने बताया कि महिला सार्वजनिक क्षेत्र में चली गई थी। यहां आने के लिए लोगों को लॉबी में जाने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

**यह है पूरा मामला, घटना में कोई घायल नहीं**

सिएटल पुलिस विभाग ने ईमेल के माध्यम से घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला ने खुद पर ही बंदूक तान ली थी। इसके बाद बंधक वार्ता दल को वहां बुलाया गया। बंधक वार्ता दल ने अपनी सूझबूझ से महिला को आत्मसमर्पण और बंदूक को जमीन पर रखने के लिए राजी कर लिया है। इन सब खींचतान में खास बात यह रही कि कोई भी इसमें घायल नहीं हुआ। महिला कौन है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। महिला ने ऐसा क्यों किया, इसकी जानकारी अभी नहीं है। पुलिस तमाम कारणों की जांच कर रही है।



**पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी घटनाएं**

एफबीआई ने पिछले कुछ वर्षों में ब्यूरो कर्मियों और सुविधाओं के खिलाफ अपराधों के बढ़ने की पुष्टि की है।

दो साल पहले, 2022 में,ऋ 15 राइफल और नेल गन से लैस एक व्यक्ति ने एफबीआई के सिनसिनाटी फील्ड ऑफिस में घुसने की कोशिश की थी। हालांकि, कुछ घंटों बाद वह मारा गया। अगस्त में एक व्यक्ति अटलांटा स्थित एफबीआई कार्यालय में घुसा था। उसने बैरिकेड तोड़ दिया था। उसने एक एफबीआई कर्मी का पैदल पीछा करने की कोशिश की थी।

# सात मासूमों को मौत के घाट उतारने की दोषी महिला पर फिर शुरू हुआ मुकदमा, अब नवजात की हत्या की कोशिश का आरोप

**एजेंसी**
**शिमला ।** बच्चों की हत्या के आरोप में दोषी महिला पर ब्रिटेन में फिर से मुकदमा शुरू किया गया है। महिला पर अब एक नवजात बच्ची की हत्या के प्रयास का आरोप है। आरोपी महिला लूसी लेटबी ने हत्या की कोशिश वहीं की, जिस अस्पताल में वह काम करती थी।

जानकारी के अनुसार, लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2016 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि आरोपी नर्स को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने लगभग रंगे हाथों पकड़ लिया था। वकील ने बताया कि आरोपी ने शिशु की श्वास नली को हटा दिया था। शिशु वेंटिलेटर पर थी।

**वकील ने अदालत को समझाया पूरा मामला**

वकील ने समझाया कि यदि शिशु की हृदय गति या रक्त में ऑक्सीजन का स्तर निश्चित स्तर से नीचे गिरता है तो अलार्म बज जाएगा। लेकिन जब बाल रोग विशेषज्ञ रवि जयराम नर्सरी में गए तो उन्होंने देखा कि लेटबी बच्ची के पास खड़ी थी। बच्ची का ऑक्सीजन स्तर लगातार गिर रहा था, लेकिन उसका अलार्म नहीं बजा। लेटबी बच्ची को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर रही थी। उन्होंने जूरी को बताया कि लेटबी को डॉ. जयराम ने रंगे हाथों पकड़ा। अदालत को वकील ने बताया कि पिछले साल लेटबी को 2015 और 2016 के बीच सात शिशुओं की हत्या और छह शिशुओं की हत्या के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया था।

**लेटबी ने हत्या के प्रयासों के आरोपों को नकारा**

वकील की तमाम दलीलों के बीच, कटघरे में बैठी लेटबी ने हत्या के प्रयास से इनकार कर दिया। लेटबी के वकील बेन मायर्स ने कहा कि एक बार दोष सिद्ध होने से यह साबित नहीं किया जा सकता कि हत्या के प्रयास की आरोपी भी वही है। हम आपके सबूतों का समर्थन नहीं करते। हम तमाम आरोपों को खारिज करते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# कांग्रेस उपचुनाव की तैयारियों में जुटी

## अब कांग्रेस की नजर विधानसभा उपचुनाव पर, पार्टी ने इसके लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर रायबरेली व अमेठी समेत छह सीट जीतने के बाद अब कांग्रेस की नजर विधानसभा उपचुनाव पर है। पार्टी ने इसके लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी विधानसभा क्षेत्रवार अपनी ताकत का आकलन भी कर रही है। कांग्रेस नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सपा से तीन या चार सीटें मांग सकती है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि कांग्रेस ने उपचुनाव में लखनऊ के पूर्वी विधानसभा सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा था। नौ सीटों पर उपचुनाव होने पर कांग्रेस भी मैदान में उतरेगी। सीटों को लेकर सपा से बातचीत की जाएगी। लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों से 14 विधायक उतरे थे, जिनमें नौ ने जीत दर्ज की। फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रवीण पटेल ने जीत दर्ज की है। प्रवीण फूलपुर से विधानसभा चुनाव भी जीते थे। हाथरस से भाजपा



के अनूप वाल्मीकि जीते हैं। वह खैर से विधायक थे। गाजियाबाद से भाजपा के अतुल गर्ग ने जीत जीत दर्ज की है। भदोही लोकसभा से मीरजापुर जिले के मझवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. विनोद कुमार सिंह जीते हैं। रालोद ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट से विधायक चंदन चौहान को बिजनौर लोकसभा सीट से उतारा और वह जीत गए। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट से सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। मैनपुरी जिले की करहल सीट से विधायक सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट जीती है। कटेहरी के सपा विधायक लालजी वर्मा अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से जीते हैं। मुरादाबाद जिले की कुंदरकी सीट के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने सपा के टिकट पर संभल लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। अब फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मझवां, मीरापुर, मिल्कीपुर, करहल, कटेहरी व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना है।

**कांग्रेस बढ़ाएगी सक्रियता:** माना जा रहा है कि जिन सीटों पर सपा के विधायक थे, उन्हें छोड़कर अन्य सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की दावेदारी करेगी। इसके साथ ही कांग्रेस लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा भी कर रही है।

## उत्तर प्रदेश में पुलिस की भर्ती ठेके पर : संजय सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तरप्रदेश पुलिस में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती को लेकर विचार किया जा रहा है। इसके बाद से विपक्ष के नेता राज्य सरकार पर तीखे हमले बोल रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि इस तरह से सरकारी नौकरियां खत्म की जा रही हैं। वहीं अब इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर कई सवाल उठाए हैं। सांसद संजय सिंह ने ट्वीट के जरिए कहा कि भारत की सेना में अग्निवीर के जरिए ठेके पर जवान भर्ती किए गए। इसके बाद अब उत्तर प्रदेश में पुलिस की भर्ती ठेके पर होने जा रही है। यह देश और उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के साथ मजाक है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि यूपी में इससे पहले पुलिस भर्ती पेपर लीक से 60 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ। अभी इसकी जांच चल ही रही थी कि अब ठेके पर पुलिस की भर्ती होने वाली है। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सुरक्षा के साथ जैसा मजाक किया जा रहा है, वैसा गुजरात में भी किया गया है। गुजरात में भी ठेके पर पुलिस की भर्ती की जाती है। क्या गुजरात का मॉडल यूपी में लागू किया जा रहा है।

# अयोध्या: नये सत्र में अटल आवासीय विद्यालय में चलेंगी नवीं तक की कक्षाएं

**शिक्षा पर बल**

▶▶ जनपद में अब श्रमिकों के बच्चे भी अब इंग्लिश मीडियम स्कूलों जैसे परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई है



**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या: जनपद में** अब श्रमिकों के बच्चे भी अब इंग्लिश मीडियम स्कूलों जैसे परिवेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार ने श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई है। जुलाई से प्रारम्भ होने वाले सत्र में कक्षा नौ तक शिक्षा दी जाएगी। अयोध्या जनपद में श्रमिकों के बच्चों को इंग्लिश मीडियम की भांति शिक्षा मुहैया करा कर उनको उच्च पदों पर कार्य करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अटल आवासीय विद्यालय की जनपद में स्थापना की गई है। इस विद्यालय को बीते वर्ष जुलाई 2023 में प्रारंभ किया गया था। गत वर्ष इस विद्यालय में कक्षा 6 तक की शिक्षा दी जा रही थी और श्रमिकों के 80 बच्चों का दाखिला विद्यालय में हुआ था। इस वर्ष शासन के निर्देश के बाद कक्षा 6 से 9 तक शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान सत्र में अभी 360 बच्चों का यहां पर दाखिला हुआ है। जुलाई सत्र से यहां शिक्षण कार्य शुरू होगा। बच्चों को पढ़ाने के लिए 8 मास्टरों की तैनाती की गई है। पिछले वर्ष 80 बच्चे ही अटल आवासीय विद्यालय में दाखिला लिए थे। बीते सत्र में कक्षा 6 तक के बच्चे का दाखिला हुआ था। इस बार सातवीं आठवीं व नवीं क्लास में बच्चों की पढाई होगी।

उप श्रमायुक्त प्रतिभा तिवारी अयोध्या मण्डल ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से हम श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

## रंगदारी मामले में पप्पू यादव को मिली बेल

**टीम एक्शन इंडिया**
पूर्णिया: पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को रंगदारी मामले में कोर्ट से बेल मिल गई है । पप्पू यादव गुरुवार को अपने वकील के साथ पूर्णिया व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां न्यायालय ने उन्हें रंगदारी मामले में बेल दे दी । कोर्ट से बाहर निकलकर पप्पू यादव ने जज साहब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इतना हर्ट हुआ हूं की आज तक 57 साल के उम्र में कभी नहीं हुआ था । इतना मेंटल टॉर्चर कभी नहीं हुआ । मै आज तक जिस इंसान से कभी मिला ही नहीं उनके एक आवेदन पर थाना प्रभारी के मिली भगत से मुझपर केस कर दिया गया। वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह सब किया गया है । मेरे ऊपर बिना मतलब के कई तरह की धाराएं लगाई गई। जबरदस्ती सीजीएम कोर्ट में धारा 385 लगाया गया जिसका मतलब है, मैं मिला, सामने से धमकी दी और मौखिक रूप से मांग की। ये बिल्कुल गलत है। पप्पू यादव ने कहा कि थाना प्रभारी का कॉल डिटेल निकाला जाए साथ ही उस आदमी का भी कॉल डिटेल निकाला जाए और देखा जाए की कब कहां किन से बात हुई है। सारा मामले सामने आ जाएगा और पता चल जाएगा कि इस साजिश के पीछे कौन है । पूर्णिया के फर्नीचर व्यवसाई राजा भगत ने पप्पू यादव पर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया था।

# राजभर पहले अपने गिरेबान में झांककर देखें: अजय राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा)अध्यक्ष प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर के अब तेरा क्या होगा कालिया...वाले विवादित बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पलटवार किया है। गुरुवार को शहर में आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राजभर पर तंज कसते हुए कहा कि ओपी राजभर पहले अपने गिरेबान में झांककर देखें। उनके बेटे के साथ जनता ने क्या हश्र किया। घोसी में घुटने के बल आकर जनता से माफी मांगना पड़ा। इसीलिए भाजपा और सहयोगी दल डूबते जा रहे हैं। ये लोग दूसरों के ऊपर विवादित टिप्पणी करने में आगे हैं। दरअसल, ओपी राजभर ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के बयान अगर बहन प्रियंका गांधी को वाराणसी से लड़ा दिया जाता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दो-तीन लाख वोटों से हार जाते। इस बयान पर राजभर ने कहा कि उन्हें रोका किसने था। वाराणसी से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय पर तंज कसते हुए ओपी राजभर ने कहा था कि अब तेरा क्या होगा कालिया...। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन से अजय राय वाराणसी सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़े।




उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भगवान केदारनाथ और बदरीनाथ के किए दर्शन।

# तीस हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति करने वाला का पहला राज्य बना यूपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट को पूरा किया। इसी दिन किसी भी दिवस की अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट (एमयू) का नया रिकार्ड भी बना।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री के मार्ग दर्शन और उनकी मंशा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण विद्युत मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और विदयुत कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकार्ड भी बन रहे है। 11 जून को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29,820 मेगावाट पहुंच गई थी। बिजली खपत भी लगभग 643 एमयू पहुंची थी। यह रिकार्ड 12 जून को टूट गया और नया रिकार्ड बना। 24 जुलाई 2023 को अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट का रिकार्ड बना था लेकिन इस बार मई माह में ही यह रिकार्ड टूट गया जब 22 मई को 28,336 मेगावाट तक मांग की आपूर्ति की गई। डॉ. गोयल ने पुनः अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें।

**रिकॉर्ड**

▶▶ 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट को पूरा किया

# गांव को गांव रहने दें, शहरी परिवेश में ना ढालें: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**भागलपुर:** भागलपुर के बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन गुरुवार को किया गया। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य मकसद कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण आजादी से अमृतकाल तक ग्रामीण विकास की यात्रा पर परिचर्चा से संबंधित रहा। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया गया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कहा कि गांव को गांव रहने दें शहर बनाने की कोशिश ना करें। गांव में सारी



मूलभूत सुविधा दें लेकिन शहरी परिवेश जन्म ना ले, इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है और किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो इस पर सरकार विशेष कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो योजना है वह धरातल पर जल्द उतरेगी। दो दिवसीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष के रूप में बीएयू सबौर के कुलपति डॉ डी आर सिंह रहे। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर तथा एक्सेलेंट विजन फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसके संयोजक बीएयू सबौर के अधिष्ठाता (कृषि), डॉ अजय कुमार साह थे। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामाशीष सिंह मौजूद रहे।

**सुझाव**

▶▶ गांव में सारी मूलभूत सुविधा दें लेकिन शहरी परिवेश जन्म ना ले, इस पर ध्यान दें: राज्यपाल

## बीएचयू : छात्रों के दो गुटों में तकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर: कोतवाली** देहात क्षेत्र अंतर्गत राजीव गांधी साउथ कैम्पस बीएचयू में बुधवार की रात दो छात्रों की मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई और छात्रों के दो गुट में आपस मे भिड़ गए। दो छात्र को गम्भीर चोट आई, जिन्हें उपचार के लिए ट्रामा सेण्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि राजीव गांधी साउथ कैम्पस बीएचयू के स्नातक वर्ष के विंध्याचल हॉस्टल व शिवालिक हॉस्टल के दो छात्रों की मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई।

# डीएम खुराना ने बदरीनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर:** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बदरीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों और यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर प्लान के तहत संचालित रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कार्यों में मानव संसाधन बढ़ाते हुए प्लानिंग के साथ निर्माण कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा, टीआईसीसी,



हॉस्पिटल एक्सटेंशन और तीर्थ पुरोहित आवास निर्माण कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और मानसून से पहले महायोजना के अधिकांश कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जहां पर भी समस्या आ रही है, उसको तत्काल संज्ञान में लाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बदरीनाथ में योजना के तहत चल रहे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, लेक फ्रंट, आस्था पथ, तीर्थ पुरोहित आवास, मंदिर सुन्दरीकरण आदि कार्यों का जायजा लिया।

**व्यवस्था जांची**

▶▶ मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों और यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया

## एमपी में शुरू हुई पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
भोपाल: मध्यप्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू हो गई है। गुरुवार को राजधानी भोपाल के राजाभोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की पहली उड़ान (एयर टैक्सी) को रवाना किया। इसी के साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली एक-दूसरे से सीधे जुड़ गए। इन शहरों के बीच छह सीटर दो एयर टैक्सी संचालित होंगी। इस वायु सेवा के शुरू होने से भोपाल से इंदौर का सफर 55 मिनट में पूरा हो जाएगा।

# यूपी में परिवार नियोजन सम्मेलन कराएगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: जन**संख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण कम्युनिटी मोबिलाइजेशन 27 जून से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलेगा। योगी सरकार जनसमुदाय को परिवार नियोजन के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे- सारथी वाहन और सास-बेटा-बहु सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा।

पखवाड़े का तीसरा चरण सेवा प्रदायगी 11 से 24 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य इकाइयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों (बास्केट ऑफ




च्वाइस) के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जनसंख्या पखवाड़ा हर साल मनाया जाता है, जिसमें अधिकारी से लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, समुदाय सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं।

**करेंगे जागरूक**

▶▶ जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण कम्युनिटी मोबिलाइजेशन 27 जून से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलेगा

**सुझाव** शहर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं को सुविधाओं के विकास के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही

# हरिद्वार कॉरिडोर: प्रशासन ने हितधारकों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार: हरिद्वार कॉरिडोर विकास को लेकर** जिला प्रशासन ने गुरुवार को व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों एवं स्टेकहोल्डर्स के साथ जिला कार्यालय सभागार में एक एक बैठक की। इस दौरान जिला प्रशासन ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों एवं स्टेकहोल्डर्स से कॉरिडोर विकास को लेकर विभिन्न सुझाव मांगे। बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं को सुविधाओं के विकास के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है,



जिसके लिए हितधारकों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारक अपने-अपने सुझाव अवश्य दें, ताकि योजना को बेहतर से बेहतर ढंग से तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो भी सुझाव प्राप्त होंगे, उन्हें उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा और हर संभव कार्य किया जायेगा। बैठक में यूआईआईडीबी के प्रतिनिधि सुरेश गुप्ता ने धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के दृष्टिगत नए टूरिज्म मास्टर प्लान, परियोजना क्षेत्र परिभाषा, हरकी पौड़ी का विकास, हरकी पौड़ी-आस्था पथ-चण्डी घाट के लिए फिक्स एवं झूला पुल, सती कुण्ड का विकास, सड़क सुधारीकरण, पार्किंग अपग्रेडेशन, घाट तथा रिवर फ्रन्ट डेवलपमेंट एवं इम्प्रूवमेन्ट, सॉलिड वेस्ट, जल आपूर्ति, ड्रैनेज सिस्टम, विद्युत, बस स्टेशन रिलोकेशन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में हित धारकों एवं व्यापारियों ने सुझाव दिया कि हर की पौड़ी के सामने खाली स्थान पर नया शहर बसाया जाये ताकि शहर का ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक स्वरूप भी बना रहे। सभी हित धारकों ने रोड कनेक्टिविटी, पार्किंग एवं पार्किंग के लिए सम्पर्क मार्ग, व्यापारियों के दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, बस स्टेशन निर्माण, ड्रैनेज सिस्टम, विभिन्न पुलों से प्रवेश एवं निकासी, लाइटिंग सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से सुझाव देते हुए अपने-अपने अनुभव साझा किये।

# अमृत स्टेशन योजना से डूंगरपुर रेलवे स्टेशन की बदलेगी तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**डूंगरपुर:** अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 500 से अधिक स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है जिसमें अजमेर मण्डल का डूंगरपुर स्टेशन भी शामिल है। योजना के तहत डूंगरपूर रेलवे स्टेशन का करीब 18 करोड़ की लागत से कायाकल्प होने जा रहा है। स्टेशन बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित कर उन्हें उच्च



स्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ के निर्देशन में इस स्टेशन के कायाकल्प का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। डूंगरपुर स्टेशन पर विभिन्न निर्माण कार्य जारी है। प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 व 3 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर व कोटा स्टोन फ्लोरिंग और स्टेशन बिल्डिंग के प्रथम तल का कार्य चल रहा है।

**कायाकल्प**

▶▶ योजना के तहत डूंगरपूर रेलवे स्टेशन का करीब 18 करोड़ की लागत से कायाकल्प होने जा रहा है